# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024


गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत

## भारी संख्या में एयरपोर्ट पर जुटे प्रशंसक



**चेन्नई।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया।

**मुरैना में गरजे मोदी**

पीएम ने कहा कि भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी नहीं है, जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सब कुछ

# कांग्रेस ने तो जवानों के हाथ बांध रखे थे, हमने सेना को पूरी छूट दी

मुरैना में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही 'वन रैंक वन पेंशन' को लागू किया गया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा की भी चिंता की।



हमने कहा कि अगर एक गोली आती है तो 10 गोली चलनी चाहिए

अगर वे एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए

आज एक बार फिर कांग्रेस कुर्सी के लिए छटपटा रही है। अब कुर्सी पाने कि लिए अलग-अलग खेल खेल रही है



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरैना

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान से पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुरैना में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी नहीं है, जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस की नीति है कि, जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान करे।

ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रहे हैं

### कांग्रेस ने मां भारती की भुजाएं ही काट दी

पीएम मोदी ने कहा कि सब जानते हैं कि आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर देश का विभाजन स्वीकार किया था। मां भारती के हाथों की जंजीरें काटने के बजाए कांग्रेस ने मां भारती की भुजाएं ही काट दी और देश के टुकड़े कर दिए थे। लेकिन, कांग्रेस सुधरने को तैयार नहीं है। कांग्रेस को लगता है, यही उसके फायदे के लिए सरल रास्ता है। आज एक बार फिर कांग्रेस कुर्सी के लिए छटपटा रही है। अब कुर्सी पाने कि लिए अलग-अलग खेल खेल रही है। ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रहे हैं।



**मुसलमानों को ओबीसी बना दिया**

पीएम ने कहा कि अगर वो मुसलमान हैं तो उन्होंने रातों-रात एक कागज पर हस्ताक्षर करके उन सभी को ओबीसी घोषित कर दिया। पढ़ाई और सरकारी नौकरी में पहले ओबीसी लोगों को आरक्षण मिलता था। कांग्रेस ने उस ओबीसी समाज में इतने सारे नए लोग डाल दिए कि आरक्षण उनसे छीन लिया।

**कांग्रेस विकास विरोधी बड़ी समस्या**


पीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश के लोग जानते हैं कि जिस समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो फिर उससे दूर ही रहना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ऐसी ही विकास विरोधी एक बहुत बड़ी समस्या है। चंबल के लोग कांग्रेस का वो दौर कैसे भूल सकते हैं। कांग्रेस ने चंबल की पहचान खराब कानून-व्यवस्था और ऐसे क्षेत्र के तौर पर बना दी थी।

**कांग्रेस ने कर्नाटक में किया पाप**

कांग्रेस पर हमलावर पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस का राज है और उन्होंने वहां क्या पाप किया है, ये जानकर आप हैरान हो जाएंगे। पीएम ने कहा कि आपके गांव में आकर कोई कह दे कि इस गांव में सारे लोग अब 'ये' नहीं 'ये' हो गए हैं, तो क्या आपको ये मंजूर होगा। कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में मुस्लिम समाज के लोग हैं, उच्च वर्ग के, धनी, व्यापारी, उद्यमी, न्यायमूर्ति, कोई भी बस मुसलमान होना चाहिए।

## सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील, तय मात्रा में होगा शिपमेंट

**नई दिल्ली।** भारत सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी गई है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है। डीजीएफटी ने अधिसूचना जारी कर दी।



विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सफेद प्याज का निर्यात करने वाले निर्यातक को सामान और सामान की मात्रा को प्रमाणित करने के लिए गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात के लिए कुछ बंदरगाहों के नाम तय किए गए हैं।

पीएम मोदी को चुनाव आयोग की क्लीन चिट

## पीएम ने देवी-देवताओं के नाम पर नहीं मांगे है वोट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव आयोग से क्लीन चिट मिल गई है। पीएम मोदी पर आरोप लगा था कि उन्होंने देवी देवताओं के नाम पर वोट मांगने का काम किया, पीलीभीत में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर और करतारपुर कॉरिडोर का जिक्र किया था। इस बात को लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकील ने चुनाव आयोग का रुख किया और पीएम मोदी के खिलाफ एक्शन की मांग की। लेकिन खबर अब ये है कि चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी को क्लीन चिट दे दी है। चुनाव आयोग का मानना है कि पीएम मोदी द्वारा आचार संहिता को उल्लंघन नहीं किया गया, वे सिर्फ अपनी सरकार की उपलब्धियां बता रहे थे और उसे धर्म के नाम पर वोट मांगना नहीं कहा जा सकता।




■ वे सिर्फ सरकार की उपलब्धियां बता रहे थे

रात को भोपाल पहुंचे केंद्रीय मंत्री शाह

## शाह की आज अशोकनगर राजगढ़ में चुनावी जनसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को अशोकनगर एवं राजगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह अशोकनगर एवं राजगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ओडिशा के भुवनेश्वर से गुरुवार रात भोपाल पहुंचे। यहां होटल ताज में रात्रि विश्राम किया। गृह मंत्री का राजधानी में स्टे होने के कारण पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। शाह शुक्रवार सुबह 10.50 बजे भोपाल से हेलिकॉप्टर से गुना लोकसभा क्षेत्र के पिपरई (जिला अशोकनगर) पहुंचेंगे। यहां वे जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रत्याशी हैं। शाह दोपहर 1.30 बजे राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।



■ तीसरे चरण में मप्र की 8 सीटों पर 7 मई को वोटिंग

दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

# मप्र की 'छह सीटों' पर होगा मतदान कोई सात तो कोई चार बार से सांसद

टीकमगढ़, दमोह, सतना, रीवा, खजुराहो और नर्मदापुरम में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगी वोटिंग

इन 6 सीटों में कुल एक करोड़ 11 लाख 62 हजार 460 मतदाता करेंगे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

खजुराहो से वीडी शर्मा मैदान में, यह भाजपा को वाकओवर जैसी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



देश में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 13 राज यों की 88 सीटों पर मतदान होगा, जिसमें मध्यप्रदेश की छह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं। इन छह लोकसभा सीटों पर कुल 80 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरे चरण में मप्र की छह सीटों टीकमगढ़, दमोह, सतना, रीवा खजुराहो और नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवार सीधे तौर पर टक्कर में हैं। लेकिन, खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में कोई भी प्रमुख विपक्षी दल का नेता भाजपा के सामने नहीं है। लगातार सात बार से सांसद वीरेंद्र सिंह और चार बार से सतना लोकसभा सीट जीतने वाले गणेश सिंह मैदान में हैं।

**इन सीटों पर पड़ेंगे वोट**

**टीकमगढ़:** यहां पर भाजपा के डॉक्टर वीरेंद्र कुमार और कांग्रेस के पंकज अहिरवार के बीच मुकाबला माना जा रहा है।

**दमोह :** विधानसभा चुनाव में हार का स्वाद चखने वाले राहुल लोधी को भाजपा ने यहां पर लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस ने तरबर सिंह लोधी का सामने रखा है। यहां लोधी और लोधी का मुकाबला है।

**सतना :** इसी सीट पर विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा के चार बार के सांसद गणेश सिंह को मात दी थी। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस ने उन्हीं उम्मीदवारों पर दांव लगाया है।









आगरा में पीएम मोदी ने कांग्रेस को जमकर 'फटकारा'

# जब तक मोदी जिंदा है... कांग्रेस ओबीसी कोटा, विरासत संपत्ति और महिलाओं का हक नहीं छीन सकती, धर्म आधारित आरक्षण असंभव




पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि आज मैं आपसे विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। इसीलिए, देश एकजुट होकर कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम ने इंडी गठबंधन के उस आरोप का करारा जवाब दिया जिसमें संविधान खत्म करने का आरोप लगा। कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करती रही। कांग्रेस सामाजिक न्याय की तो धज्जियां उड़ा देती है। इंडी गठबंधन घोर तुष्टीकरण में जुटा है। कांग्रेस का मेनिफेस्टो सिर्फ वोट बैंक के लिए है।

एजेंसी ▶▶ आगरा

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की 8 सीट पर मतदान होना हैं। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने इंडी गठबंधन के उस आरोप का करारा जवाब दिया जिसमें संविधान खत्म करने का आरोप लगा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान बनाने वाले बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करती रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो आए दिन बाबा साहेब का अपमान करती है, संविधान का अपमान करती है और सामाजिक न्याय की तो धज्जियां उड़ा देती है। कांग्रेस ने कभी कर्नाटक में, कभी आंध्र प्रदेश में, कभी अपने घोषणा पत्र में बार-बार धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत की। लेकिन, इंडी गठबंधन घोर तुष्टीकरण में जुटा है।जो मेनिफेस्टो जारी किया है, उस पर 100 फीसदी मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस का पूरा मेनिफेस्टो सिर्फ वोटबैंक को मजबूत करने के लिए समर्पित है। जबकि, हमारा मेनिफेस्टो देश को मजबूत करने के लिए समर्पित है।

## दो लड़कों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति

पीएम कहा कि उत्तर प्रदेश में जो 2 लड़कों में दोस्ती है, इसका आधार भी ये तुष्टिकरण की राजनीति ही है। दोनों मिलकर भाषण में तो ओबीसीओबीसी करते हैं और पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीनकर अपने वोटबैंक को मजबूत करने के लिए देना चाहते हैं। अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वो धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी। कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि 27 फीसदी का ओबीसी कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए, छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए।

## इंडी गठबंधन तुष्टीकरण, सामाजिक भेदभाव करने के साथ सनातन को गाली दे रहा




### संतुष्टीकरण की ओर आगे बढ़ रहा देश

पीएम ने कहा कि देश तुष्टीकरण को समाप्त करके, संतुष्टीकरण की ओर आगे बढ़ रहा है। हमारा रास्ता संतुष्टीकरण का है। सबका साथ, सबका विकास का मंत्र भी उसी का महामार्ग है। हमारा सेक्युलरिज्म भी वही है कि जो भी योजना जिसके लिए बने, बिना धर्म, जाति, भेदभाव के उसका लाभ सबको मिलना चाहिए। सच्चा सामाजिक न्याय भी यही है जब आप बिना भेदभाव सबका हक पूरा करें।

### इंडी-गठबंधन के लिए अपना वोट बैंक ही खास

हमारा 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड हो या संकल्प पत्र, हमारा जोर सैचुरेशन पर है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिले, पूरा लाभ मिले, बिना बिचौलियों के मिले, बिना रिश्वत हकदार को मिले।

### इन्हें भारत की बढ़ती ताकत पसंद नहीं

भारत की बढ़ती हुई शक्ति कुछ ताकतों को पसंद नहीं आ रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है, उसमें देश की सेना के लिए, आत्मनिर्भर बनने के लिए, दुनिया में निर्यात के लिए घातक अस्त्र-शस्त्र बनेंगे। जो हथियारों के दलाल हैं, जो पुरानी सरकारों में घुस देकर अपना काम करा लेने में एक्सपर्ट हो गए थे और पुरानी सरकारों में बैठे हुए लोगों को भी ये मलाई खाने को मिलती थी, अब नहीं मिल रही है।

## पीएम-राहुल के भाषणों पर ईसी की कार्रवाई
### नोटिस देकर 29 तक मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषणों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक दोनों पार्टियों से जवाब मांगा है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी।

## अखिलेश यादव ने कन्नौज से भरा नामांकन



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज सीट से नामांकन दाखिल किया। उन्होंने 4सेट में अपना पत्र दायर किया है। इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद थे।

## शरद पवार ने जारी किया घोषणा पत्र
### नौकरी और महिला आरक्षण का किया वादा

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार ने घोषणापत्र जारी कर दिया। महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है।घोषणापत्र का नाम एससीपीथ पत्र रखा है। घोषणापत्र में जाति जनगणना के लिए समर्थन जताते हुए किसानों के कल्याण के लिए एक अलग आयोग के गठन, प्रशिक्षुता का अधिकार, नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया गया।




## यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल



बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल हो गए है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। कश्यप ने कहा कि मेरी विचारधारा भाजपा से मिलती है। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने मेरी मां को फोन कर मुझे शामिल होने के लिए कहा। मैं अपनी मां की बात नहीं टाल सकता।

## तेलंगाना में गृहमंत्री शाह का ऐलान
### एससी-एसटी, ओबीसी को ही मिलेगा आरक्षण

**सिद्दीपेट।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना के सिद्दीपेट में एक जनसभा में कहा कि अगर हम सत्ता में आए तो भाजपा तेलंगाना में मुसलमानों के लिए आरक्षण खत्म कर देगी और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को इसका लाभ देगी। भाजपा ने फैसला किया है कि वे तेलंगाना में कांग्रेस और टीआरएस द्वारा मुसलमानों के लिए किए गए आरक्षण को खत्म करेगी। यह आरक्षण एससी, एसटी और ओबीसी को दिया जाएगा। अमित शाह ने कांग्रेस पर तेलंगाना को 'दिल्ली का एटीएम' बनाने का आरोप लगाया।



## लखीमपुर खीरी में राजनाथ की कांग्रेस को खरी-खरी
### अब भारत बोलता है और पूरी दुनिया कान खोल सुनती है



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का कद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। अब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। कांग्रेस की सरकार में आए दिन किसी न किसी राज्य में आतंकी वारदातें होती थीं। भारत सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया है उसकी सराहना आज दुनियाभर में हो रही है।

**कांग्रेस गरीबी नहीं मिटा पाई**

सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कहा कि हमें जिताओ हम गरीबी मिटा देंगे, लेकिन हिंदुस्तान की गरीबी बढ़ती चली गई। मोदी सरकार में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया।

## खरगे का पीएम को पत्र
### मिलकर घोषणा पत्र समझा दूंगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात का वक्त मांगा है। उनका कहना है कि वे पीएम से मिलकर घोषणा पत्र उन्हें समझाना चाहते हैं ताकि वह उसे लेकर कोई ऐसा बयान न दें, जो गलत हो। पीएम कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर गलत बयान दे रहे हैं और सांप्रदायिक विभाजन की कोशिश की जा रही है। खरगे ने कांग्रेस पर संसाधनों के पुनर्वितरण और 'विरासत कर' संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद यह पत्र लिखा है।खरगे ने कहा आपके भाषणों से मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं।



## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद में चले पत्थर, महिला की मौत




**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एक स्थानीय मंदिर उत्सव के पर्चे में नाम प्रकाशित करने को लेकर दो गुटों में झड़प हो गई। इस झड़प में एक 80 वर्षीय महिला की सीने पर पत्थर लगने से मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल भी हुए। मृतक की पहचान लीराबेन भरवाड के तौर पर की गई है। मंदिर उत्सव में एक समूह पर्चे में कुछ नाम शामिल करना चाहता था, लेकिन दूसरे समूह को आपत्ति थी।

### संदेशखाली केस में 5 को बनाया आरोपी



**कोलकाता।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में 5 प्रभावशाली लोगों के खिलाफ ज़मीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से कथित रूप से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।आरोपियों और पीड़ितों की पहचान उजागर नहीं की है।

### सूर्यापेट में कार-ट्रक की टक्कर, 6 लोगों की मौत



**सूर्यापेट।** तेलंगाना के सूर्यापेट में गुरुवार को भीषण सड़क दुर्घटना में एक बच्ची सहित 6 लोगों की मौत हो हई। एक कार की ट्रक से टक्कर हो गई। यह दुर्घटना हैदराबाद से लगभग 180 किमी दूर स्थित इस जिले के कोडाडा शहर के पास हुई। ये मृतक कार में सवार थे। गुरुवार तड़के हादसा के वक्त कार में 10 लोग सवार थे। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

## दूसरे चरण के लिए वोटिंग, आज प्रत्याशियों का 'लक होगा लॉक'

# 'राम' समेत बिरला, हेमामालिनी, चंद्रशेखर राहुल और कुमारस्वामी की प्रतिष्ठा दांव पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


दूसरे चरण के लिए 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में केरल में 20, कर्नाटक में 14, राजस्थान में 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में 8-8, मध्य प्रदेश में 6, असम और बिहार में 5-5, बंगाल और छत्तीसगढ़ में 3-3 और मणिपुर, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में मध्य प्रदेश की 7सीटों पर चुनाव होना था, लेकिन बैतूल सीट पर प्रत्याशी के निधन के बाद चुनाव टल गया। अब वहां अगले चरण में चुनाव होगा। इस चरण में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर तिरुअनंतपुरम, भाजपा के तेजस्वी सूर्या कर्नाटक, हेमा मालिनी और भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल उत्तर प्रदेश से, कांग्रेस नेता राहुल गांधी वायनाड और शशि थरूर तिरुअनंतपुरम, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भाग्य का फैसला होगा।

**खास बातें**

- 13 राज्यों की 88 सीटों पर होगा मतदान
- सबसे ज्यादा केरल की 20 सीटें शामिल
- राजस्थान की 13 सीटों पर भी होगी वोटिंग



अरुण गोविल



हेमा मालिनी



ओम बिरला



राहुल गांधी

**ये रहा सीटों का गणित**

**मध्य प्रदेश की 6 सीटें भी शामिल**

दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इस में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की 8-8, बिहार की 5सीटों के लिए वोटिंग होनी है। केरल की सभी 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की 6, असम की पांच, बंगाल,छत्तीसगढ़ की 3-3, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर की एक-एक सीट हैं।

### 102 सीटों पर मतदान हो चुका संपन्न

7 चरण में हो रहे चुनाव के पहले चरण में पिछले शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर लगभग 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना की थी। इससे देश का चुनावी माहौल अब काफी गर्म हो गया है।

**घुसपैठ के साथ ही ओबीसी आरक्षण का मुद्दा रहा हावी**

उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी दल लोगों की मेहनत की कमाई और कीमती सामान घुसपैठियों और जिनके अधिक बच्चे हैं को देने की योजना बना रही है। ये बातें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण का हवाला देते हुए कही थी। कांग्रेस ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में निराशा का सामना करने के बाद प्रधानमंत्री लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए झूठ का सहारा ले रहे हैं।

## ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा
# मुख्यमंत्री हैं तो क्या गिरफ्तार नहीं होंगे अरविंद केजरीवाल

- उनके आचरण से ही लग रहा कि वे शराब घोटाले के दोषी

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। कई बार जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दिया है।


ईडी ने बताया कि केजरीवाल ने जांच अधिकारी को अपने आचरण से दिखाया है कि वो मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर जवाबी हलफनामे में कहा कि 9 समन के बावजूद पूछताछ से बच रहे थे।

### केजरीवाल की याचिका खारिज करने योग्य



केजरीवाल की याचिका को 'योग्यताहीन' और खारिज किए जाने योग्य बताते हुए ईडी ने कहा कि जिस कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उसके कारणों को विभिन्न अदालतों ने अध्ययन किया है। आप ने आरोप लगाया कि ईडी 'झूठ बोलने की मशीन'बन गई है। ईडी ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और इसे खारिज किया जा सकता है। दूसरा तर्क यह दिया गया कि जांच एजेंसी के पास मौजूद सामग्री ने उसके लिए सारे सबूत जुटाने के लिए गिरफ्तार करने का रास्ता अपनाया है।

### हमारे लिए बड़ा नेता और आम आदमी एक बराबर



ईडी ने कहा कि गिरफ्तारी जांच का हिस्सा है और अपराध की जांच के लिए विशेष रूप से ये जांच एजेंसी के अधिकार क्षेत्र में है। हमारे लिए कोई बड़ा नेता हो या आम आदमी उसके खिलाफ सबूतों को देखा जाता है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल सीएम हैं तो इसका मतलब ये नहीं कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।

## ज्ञानवापी पर फैसला सुनाया था
# जज को इंटरनेशनल नंबर से मिली धमकियां, सुरक्षा की मांग

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाने वाले जज रवि दिवाकर को बरेली में विदेशी कॉल से धमकियां मिल रही हैं। इस संबंध में जज रवि दिवाकर ने बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 15 अप्रैल की शाम 8:42 बजे इंटरनेशनल नंबर से जज रवि दिवाकर के पर्सनल नंबर पर एक कॉल आई, जिसमें धमकी दी गई। हालांकि जज की ओर से इस कॉल के बाद किसी कॉल का जवाब नहीं दिया गया. इस बारे में जानकारी देते हुए न्यायाधीश रवि दिवाकर के स्टाफ ने बताया कि कुछ दिन पहले



अनजान फोन से धमकी मिली थी। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर घटना की जानकारी दी गई है. पहले भी जज रवि दिवाकर को धमकी मिलती रही हैं। ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाने के बाद रवि दिवाकर का तबादला बरेली हो गया था। इसके बाद शासन की ओर से न्यायाधीश रवि दिवाकर और इनके परिवार को सुरक्षा दी गई।

इसके आंकड़े उड़ा देंगे होश, दोगुना खर्च

## 2024 का लोकसभा चुनाव कई मायनों में होगा खास
# यह दुनिया का सबसे महंगा इलेक्शन होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव पिछले रिकॉर्ड तोड़ने और दुनिया का सबसे महंगा चुनावी आयोजन बनने की राह पर है। एनजीओ सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) ने यह दावा किया कि इन लोकसभा चुनाव में अनुमानित खर्च 1.35 लाख करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है।

यह राशि 2019 के चुनावों से दोगुने से भी अधिक है। तब आम चुनावों में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे। सीएमएस 35 वर्षों से चुनाव खर्च पर नजर रख रहा है। संस्थान के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि इस व्यापक खर्च में राजनीतिक दलों और संगठनों, उम्मीदवारों, सरकार और चुनाव आयोग सहित चुनावों से संबंधित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सभी खर्च शामिल हैं।

### 1.35 लाख करोड़ रुपए का अनुमान लगाया



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की रेस में हैं। राव ने कहा कि उन्होंने प्रारंभिक व्यय अनुमान को 1.2 लाख करोड़ से संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ रुपए कर दिया है, जिसमें चुनावी बांड के खुलासे और सभी चुनाव-संबंधित खर्चों का हिसाब शामिल है। हालांकि, चुनावी बांड हिस्सेदारी के खुलासे के बाद हमने इस आंकड़े को संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ कर दिया है।

**खर्च में रैलियां व परिवहन व्यय भी शामिल**

एडीआर ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कोई संचयी व्यय अनुमान प्रदान करने से परहेज किया है। राव ने कहा कि चुनाव पूर्व गतिविधियां पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार खर्च का अभिन्न अंग हैं, जिसमें राजनीतिक रैलियां, परिवहन, क्षेत्र और प्रभावशाली लोगों सहित कार्यकर्ताओं की नियुक्ति भी शामिल है।

### 60 प्रतिशत चुनाव फंड अज्ञात स्रोत से आए

बताया गया कि यह अनुमान मतदान की तारीखों की घोषणा से 3-4 महीने पहले हुए खर्च को कवर करता है। राव ने इस बात पर जोर दिया कि चुनावी बांड से परे विभिन्न माध्यमों से इस प्रक्रिया में पैसा आया। सोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की हालिया टिप्पणियों से भारत में राजनीतिक फंडिंग में "पारदर्शिता की महत्वपूर्ण कमी" का पता चला है। इसमें दावा किया गया है कि 2004-05 से 2022-23 तक, देश के6 प्रमुख राजनीतिक दलों को लगभग 60 प्रतिशत योगदान, कुल 19,083 करोड़ रुपए अज्ञात स्रोतों से आया, जिसमें चुनावी बांड से प्राप्त धन भी शामिल था।

जबलपुर
शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष–3
वर्ष : 18, अंक : 349
पृष्ठ : 14 , मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 40
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

बड़ी खबर! बीसीसीआई जल्द लेने जा रहा बड़ा फैसला, अब ये खिलाड़ी होंगे मालामाल

# रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख से 1 करोड़ रुपए तक सालाना सैलरी देगा बोर्ड

## फिलहाल, घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर दी जाती है सैलरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईपीएल दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग है। इस लीग में खेलने वाले खिलाड़ी को बड़ी रकम मिलती है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही घरेलू क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा फैसला लेने जा रहा है। बीसीसीआई आईपीएल में न खेलने वाले खिलाड़ियों को लेकर खास तरह के प्लान पर विचार हो रहा है।

अजित अगरकर की सिलेक्शन कमेटी को इसको लागू करने के बारे में सुझाव देने का काम सौंपा गया

### अभी कितनी है घरेलू खिलाड़ियों की सैलरी?

फिलहाल घरेलू क्रिकेट में अनुभव के आधार पर सैलरी दी जाती है। बीसीसीआई 40 से ज्यादा रणजी खेल खेलने वाले खिलाड़ी को प्रति दिन 60,000 रुपए, 21 से 40 खेल खेलने वालों को 50,000 रुपए और 20 मैचों में खेलने वालों को 40,000 रुपए का भुगतान करता है। भुगतान के इस पैमाने पर, अगर एक सीनियर क्रिकेटर की टीम फाइनल में पहुंचती है तो उसे 25 लाख रुपए तक की कमाई होती है, जबकि टीम के अन्य खिलाड़ी 17 लाख से 22 लाख रुपए के बीच कमाते हैं।



### रेड बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहता है बीसीसीआई

बोर्ड रेड बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देने पर काम कर रहा है। बोर्ड ने हाल ही में रेड बॉल क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए टेस्ट क्रिकेट में इंसेटिव स्कीम शुरू की है। इसके तहत साल में 75% से ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों की मैच फीस 300% तक बढ़ जाएगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। घरेलू खिलाड़ियों की सैलरी में जल्द ही बढ़ोतरी हो सकती है। अजित अगरकर की सिलेक्शन कमेटी को इसको लागू करने के बारे में सुझाव देने का काम सौंपा गया है। बीसीसीआई का मानना है कि घरेलू क्रिकेटरों की फीस कम से कम दोगुनी होनी चाहिए। बोर्ड रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक सालाना सैलरी के रूप में दे सकता है।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा के सिरसा में 3.2 तीव्रता का भूकंप



**चंडीगढ़।** हरियाणा के सिरसा जिले और उसके आसपास के इलाकों में गुरुवार शाम को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.2 तीव्रता मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप के यह झटके शाम 6.10 बजे महसूस किए गए और इसका केंद्र सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र साइबर सेल ने किया तलब




**मुंबई।** एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को 2023 में हुए आईपीएल की अवैध स्ट्रीमिंग से जुड़े मामले में समन किया गया है। तमन्ना को महाराष्ट्र साइबर सेल ने पूछताछ के लिए 29 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया है। आईपीएल 2023 की फेयरप्ले ऐप पर अवैध स्ट्रीमिंग हुई थी, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ। तमन्ना ने कथित तौर पर इस ऐप को प्रमोट किया था।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए 2 की मौत



**मुरैना।** रामनगर,बड़ोखर स्थति बिजली घर के पास एक घर में गृहप्रवेश का कार्यक्रम चल रहा था। उसी समय हल्की आंधी आई तो सड़क पर लगा टैंट हवा में उड़ने लगा। उसे बचाने गृह मालिक के बहन के लड़के तथा भतीजे दामाद ने टैंट को पकड़ लिया। टैंट का एक पोल सड़क के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के चपेट में आ गया। इसमें दो की मौत हो गई।

### सेंसेक्स 486 अंक चढ़ा निफ्टी 22550 के पार



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को शुरुआती झटकों के बाजवूद दमदार क्लोजिंग हुई। लगातार पांचवें दिन घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 486.50 अंकों की बढ़त के साथ 74,339.44 के स्तर पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 167.95 अंक मजबूत होकर 22,570.35 पर बंद हुआ।

### इंदौर-झाबुआ में सीएम डॉ. यादव ने कहा-कांग्रेस देश के गरीबों, पिछड़ों, दलितों की कमाई को हड़पना चाहती है

# मोदी की 'आंधी' में धराशायी हो जाएगा घमंडिया गठबंधन

राहुल गांधी को विरासत टैक्स के मुद्दे पर देश से माफी मांगनी चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस पार्टी भारत में चुनाव लड़ती है, लेकिन बात अमेरिका के कानून की करती है। कांग्रेस अमेरिका की बात करती है, तो चुनाव भी अमेरिका में ही जाकर लड़े। कांग्रेस हमारे देश के गरीबी, दलितों, मध्यमवर्गीय परिवार सहित हम सबकी कमाई को हड़पना चाहती है।

हम सभी जानते हैं कि एक तरफ देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन-रात अथक परिश्रम कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष एक के बाद एक नादानियां करते जा रहा है। एक्स-रे कराकर संपत्ति के बांटने का षड्यंत्र चला रहे हैं।

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक अपने लिए घर तक नहीं बनवाया, लेकिन उन्होंने देश के 4 करोड़ से अधिक गरीबों को उनका आशियाना बनवाकर दिया।*

मुख्यमंत्री यादव ने इंदौर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी एवं झाबुआ-रतलाम लोकसभा सीट से प्रत्याशी अनीता चैहान के साथ रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर उनका नामांकन दाखिल कराया।




### राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वह लोकतंत्र को अपमानित करती है। उनकी इसी भाषा के कारण उनको कोई गंभीरता से भी नहीं लेता है। अगर वे विरासत के टैक्स की बात करते हैं तो पहले विरासत का टैक्स नेहरू परिवार पर लगना चाहिए था। नेहरू परिवार की विरासत इंदिरा गांधी के पास आई।

#### हमें गर्व है कि हम भगवा संस्कृति के लोग हैं

यादव ने कहा कि अगर हमारे देश के अंदर भगवा लहरा रहा है, तो हमने किसका नुकसान कर दिया। हमें इस बात का गर्व है कि हम भगवा संस्कृति के लोग हैं, क्योंकि भगवा त्याग, वैराग्य, हमारी आस्था और सूर्य संस्कृति से जोड़ने वाला रंग है। किसी को भगवा से आपत्ति हो सकती हो, लेकिन कांग्रेस हमेशा से हिंदू-मुस्लिम की बात करती रही और उनके बीच में हमेशा से फूट डालती रही।

#### कांग्रेस गरीबी हटाने का नारा देती रही लेकिन हटा नहीं पाई

*यादव ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी से लेकर वर्षों तक इस देश की सत्ता चलाई। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से लेकर अब तक कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाने का नारा देती रही, लेकिन ये देश से गरीबी कभी नहीं हटा पाए। गरीबों को इन्होंने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए उपयोग किया। अब फिर से देश के लोगों को गरीबी हटाने का झांसा दे रहे हैं, लेकिन अब जनता को इनके झांसे में नहीं आना है।*

#### इंदौर ने प्रदेश को सम्मान दिलाया, कांग्रेस ने किया अपमान

*यादव ने कहा कि प्रदेश के जिस शहर इंदौर ने मप्र को सम्मान दिलाया है उस इंदौर शहर को भी कांग्रेस ने नहीं छोड़ा। उसका भी अपमान करने का काम कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने स्वच्छता अवार्ड पर अंगुली उठाकर संपूर्ण इंदौर की जनता का अपमान किया है। इंदौर और पूरा प्रदेश इस बात से नाराज है और यह अपमान हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।*

### जबलपुर में स्क्रैपिंग यार्ड में जबरदस्त धमाका



# धमाके से छत उड़ी, 3-4 मजदूरों के दबे होने आशंका, पांच किमी का क्षेत्र दहला

धमाके की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारियों सहित जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। कहा जा रहा है कि 10 लोग कार्यरत थे, जिसमें दो लोग नहीं मिल रहे। दो लोग गिरफ्तार किए गए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर अधारताल थाना क्षेत्र अंतर्गत खजरी खिरिया बायपास में हुए धमाके में लगभग 3-4 लोगों के मौत की आशंका है। लगभग 5 किलोमीटर इस धमाके की आवाज सुनी गई तथा इसके झटके महसूस किए गए। दरअसल, खजरी खिरिया बायपास के पास मोहम्मद शमीम कबाड़ी का रजा मेटल के नाम से फैक्ट्री संचालित हो रही थी, इस फैक्ट्री में ही व्हीकल स्क्रैपिंग यार्ड बना हुआ है।

#### मुख्यमंत्री ने जताया दुख दिए जांच के आदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा कि जबलपुर के खजूरी खिरिया गांव के पास एक फैक्ट्री में हुई ब्लास्ट की घटना अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। घटना की सूचना मिलते ही मैंने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों से बात कर विस्तार से जानकारी ली है।

### छिंदवाड़ा के अफसर को बनाया निशाना

# सीबीआई के नाम पर 1.30 लाख की ठगी, बेटे को पकड़ने को कहा

एजेंसी ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा से ठगी का अलग ही मामला सामने आया है। सर्वशिक्षा अभियान से जुड़े जिले के सबसे बड़े अधिकारी ने फर्जी सीबीआई के फोन पर सवा लाख रुपए डाल दिए और कोई इंक्वारी भी नहीं की।

बाद में जब ठगी का अहसास हुआ तो इसकी शिकायत साइबर सेल से की गई है। मामला छिंदवाड़ा डीपीसी इरपाची से जुड़ा हुआ है। जिला परियोजना समन्वयक इरपची का बेटा इंदौर में रहता है। तीन-चार दिन पहले डीपीसी के पास एक फोन आता है और फोन करने वाला कहता है कि मैं सीबीआई से बोल रहा हूं आपके बेटे को पकड़ा गया है और आप रुपए भेजिए। इस फोन के बाद डीपीसी ने अपने पास से 80 हजार रुपए और एक अन्य व्यक्ति के पास से 50 हजार रुपए फोन करने वाले को भेज दिए। बाद में पता चला कि यह सीबीआई नहीं बल्कि साइबर फ्रॉड है। इस बात का पता चलने के बाद डीपीसी ने मामले की शिकायत साइबर सेल से की है।



**चेतावनी के बाद भी अधिकारी हो रहे शिकार:** साइबर फ्रॉड को लेकर लगातार चेतावनी दी जा रही है।

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने की घोषणा

# वकीलों को अब वॉटसएप पर मिलेगी मुकदमों की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट वॉटसएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने और सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करना शुरू करेगा। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंड्रचूड़ ने यह घोषणा की। सीजेआई ने कहा कि अब अधिवक्ताओं को मुकदमा दाखिल करने के बारे में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि वाद सूची के प्रकाशित होने के बाद बार सदस्यों को उनके मोबाइल फोन पर सूची प्राप्त होगी। वाद सूची का मतलब एक तय तिथि पर अदालत द्वारा मुकदमे पर होनी वाली सुनवाई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक वॉटसएप नंबर भी साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा ।




### अरुणाचल प्रदेश में बारिश और लैंडस्लाइड से भारी तबाही, दिबांग वैली में भारी नुकसान

# चीनी सीमा को जोड़ने वाला हाईवे ही बह गया 3 दिन में कनेक्टिविटी बहाल करने की कोशिश

राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान होने के बाद एक एडवाइजरी जारी की है और लोगों से तीन दिन तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है

नेशनल हाईवेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की टीम पहुंची ताकि हाईवे जल्द से जल्द दोबारा शुरू हो सके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन हुआ है। तूफान और बारिश की वजह से से राज्य का दिबांग वैली जिला पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। इसमें नेशनल हाइवे 33 का हिस्सा बह गया है। यह जिला शेष भारत को इस हाईवे के माध्यम से जोड़ता था। ऐसे में अब चीन सीमा से सटे जिले को लेकर चिंता बढ़ रही है। दिबांग घाटी चीन से सटा हुआ इलाका है और रणनीतिक रूप से भी काफी महत्व रखता है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे के टूट जाने की वजह से काफी नुकसान हुआ है ।



#### सीएम खांडू ने पीएमओ को भी किया टैग

राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान होने के बाद एक एडवाइजरी जारी की है और लोगों से तीन दिन तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे को सही करने में कुछ दिन का समय लग सकता है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मएक्स पर एक वीडियो शेयर कर लिखा कि हुनली और अनिनी के बीच हाईवे को हुए नुकसान की वजह से यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे में जानकर परेशान हूं।





# फाइनली कपिल शो पर आ ही गए मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर...

**मुंबई।** शाहरुख खान और सलमान खान के बाद अब फाइनली आमिर खान भी कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो पर आ चुके हैं। इस एपिसोड का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसे देखकर शर्तिया आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर अगले मेहमान होंगे। शो का प्रोमो वीडियो बुधवार को जारी कर दिया गया है। जिसमें कपिल शर्मा आमिर खान से कहते नजर आ रहे हैं कि हमें तो लगा था आप हमारे शो पर आएंगे ही नहीं। बता दें कि सलमान खान और शाहरुख खान तो कपिल शर्मा शो पर नजर आ चुके हैं, लेकिन कभी आमिर खान ने इस मंच पर कदम नहीं रखा। प्रोमो वीडियो में जहां कपिल शर्मा कई मुद्दों पर आमिर खान की टांग खींचते नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style



# हिना

## प्रोड्यूसर राजन शाही से नहीं होती बातचीत

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' शो के प्रोड्यूसर राजन शाही और इसके कलाकारों के बीच अक्सर खटपट की खबरें आती रही हैं। ऐसी अटकलें थीं कि मोहसिन खान, हिना खान और हर्षद चोपडा जैसे अभिनेताओं के शाही के साथ रचनात्मक मतभेद थे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


हाल में राजन शाही ने हिना खान के साथ अपने मतभेदों को स्वीकार किया है, जिन्होंने शो में अक्षरा का किरदार निभाया था। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत हिना खान ने शो में मुख्य भूमिका निभाकर की थी। लोगों ने उस दौरान के एपिसोड्स को भी खूब पसंद किया था। हालांकि, हिना खान और शो के निर्माता राजन शाही के बीच झगड़े की अटकलें थीं। लेटेस्ट इंटरव्यू में राजन शाही ने इसका जवाब दिया और यह भी कहा कि वह हिना खान और उनमें आए बदलाव की सराहना करते हैं। राजन शाही ने कहा, 'जो लोग अपना काम जानते हैं, जो हिम्मत करते हैं, वो जिंदा रहेंगे। उदाहरण के लिए, हिना के साथ मेरे मतभेद थे, और अब भी हैं। लेकिन वह सर्वाइव कर गईं, क्योंकि उनमें वह प्रतिभा थी। वह हुनर और एक्स-फैक्टर था कि चीजों को कैसे बदलना है। वह एक फैशन आइकन बन गई। मैं उससे बात नहीं करता, लेकिन उसकी तारीफ करता हूं। उन्होंने आगे कहा, 'वो लड़की ने कितनी बुद्धिमानी से मेहनत की है, हा, हमारे आखिरी कुछ महीनों में दिक्कतें आई थीं। वो चैप्टर क्लोज हो गया लेकिन उस लड़की ने खुद को रीइन्वेंट किया। मेहनत की, आज भी कर रही है, ग्रांटेड नहीं ले रही है।

हॉलीवुड मसाला



# 'डेडपूल एंड वुलवरिन' के ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' के ट्रेलर को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे।




# हॉरर फिल्म में साथ होंगे अल पचीनो-डैन स्टीवंस

**लॉस एंजिल्स।** डैन स्टीवंस और अल पचीनो हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड मिडेल करने वाले हैं। वहीं, इसकी कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग: द न्यू एम्पायर' से लेकर 'अबीगैल' और आगामी 'कुक्कू' तक, डैन स्टीवंस हाल ही में हर जगह हैं। इसी बीच उनकी नई फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट की मानें तो डैन स्टीवंस ने एक अन्य फिल्म के लिए अल पचीनो के साथ हाथ मिलाया है। दोनों एक्सवाईजेड फिल्म्स और निर्देशक डेविड मिडेल की हॉरर मूवी 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, अल पचीनो और डैन स्टीवंस दोनों हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' के कलाकारों में शामिल हो गए हैं।



# परिवार में नहीं करतीं पॉलिटिक्स...

**मुंबई।** आलिया भट्ट जितनी प्रोफेशनल लाइफ में अच्छी हैं, उतना ही पर्सनल लाइफ में वह सबकी फेवरेट हैं। वह अपने ससुराल वालों की भी फेवरेट हैं। आलिया भट्ट अपने ससुराल वालों के बहुत करीब हैं। ना सिर्फ शादी के बाद बल्कि शादी से पहले ही आलिया, कपूर परिवार के हर सुख-दुख में साथ रही हैं। आलिया अपनी सासू मां नीतू कपूर के साथ-साथ अपनी उनकी रिद्धिमा कपूर के भी बहुत करीब हैं। रिद्धिमा सोशल मीडिया पर भी कोई मौका नहीं छोड़ती हैं उन पर प्यार बरसाने पर। अब रिद्धिमा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी भाभी के तारीफों के पुल ही बांध दिए हैं। रिद्धिमा ने उस समय के बारे में बताया जब ऋषि कपूर को कैंसर हुआ था। रिद्धिमा ने बताया कि आलिया, ऋषि कपूर के बहुत करीब थीं।



# 'हीरामंडी' शो को लेकर बटोर रहे सुर्खियां

**मुंबई।** शेखर सुमन इन दिनों अपने आगामी शो 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस शो से वे काफी समय बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। शेखर सुमन के लिए यह शो इसलिए भी खास है, क्योंकि इस शो में वे अपने बेटे अध्यन सुमन के साथ पहली बार एक्टिंग करते दिखाई देंगे। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान वे अपने पुराने चैट शो 'सिंपली शेखर' के बारे में बातें करते नजर आए। इतना ही नहीं शेखर इंटरव्यू के दौरान दिवंगत अभिनेत्री परवीन बाबी के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे करते दिखे इन दिनों सोशल मीडिया पर शेखर सुमन के शो 'सिंपली शेखर' का एक क्लिप काफी वायरल हो रहा है। उस क्लिप में परवीन बॉबी अमिताभ बच्चन के बारे में बातें करती नजर आ रही हैं। यह इंटरव्यू परवीन बॉबी ने अपनी मृत्यु से पहले दिया था।

टीवी मसाला




# कौन बनेगा करोड़पति का इंतजार जल्द होगा खत्म

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 की शुरुआत जल्द होने वाली है। इस बीच शो के होस्ट बिग बी ने सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें अमिताभ बच्चन ने मंगलवार रात को अपने ब्लॉग पर शेयर की थी। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों टीवी के पसंदीदा क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की शूटिंग में व्यस्त है। अमिताभ बच्चन जल्द ही दर्शकों के लिए 'केबीसी 16' लेकर आने वाले हैं। इस सीजन की शुरुआत 26 अप्रैल से होगी। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर शो के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करने के साथ ही अमिताभ बच्चन ने बताया कि वो क्विज शो शूट करने में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें लंच भी कार में करना पड़ रहा है। अमिताभ बच्चन मे मंगलवार रात को जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें पहली तस्वीर में एक्टर कैजुअल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी और तीसरी तस्वीर में वो फॉर्मल कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जैसे वो केबीसी के शूट के दौरान पहनते हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा- 'निकले थे काम पे अपनी गाड़ी से ; रूप स्वरूप हुआ लोगों की ज़िमेदारी से। खेल होने जा रहा है नये सेशन का ; स्नेह प्यार बना रहे ईएफ परिवार का।'

## ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' ने मरून साड़ी में दिखाया ग्लैमरस अंदाज...

**मुंबई।** ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' यानी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह की संगीत नाइट में लाल रंग की साड़ी पहनकर अपनी मां के साथ पहुंची। इस दौरान सालों बाद रागिनी खन्ना का लुक काफी बदला हुआ लग रहा था। जिसे देखकर उन्हें पहचानना आसान नहीं था।इससे पहले आरती सिंह के मेहंदी के फंक्शन के लिए आरती ने मेहंदी कलर की सलवार कमीज को चुना था। रागिनी खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर मेहंदी फंक्शन से अपने लुक और हाथों में मेहंदी लगाए हुए कुछ तस्वीरें भी शेयर की थीं। वहीं, आरती सिंह के ब्राइडल शॉवर में रागिनी खन्ना बहुत ही सिंपल से लुक में पहुंची थीं। आरती के ब्राइडल शॉवर की पार्टी में उन्होंने ब्लैक कलर की जीन्स और ब्लैक हाईनेक के साथ बेज कलर का ट्रांसपेरेंट टॉप पहना हुआ था।



# 'खतरों के खिलाड़ी 14' शो में शोएब दिखाएगा दम...

**मुंबई।** रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 को लेकर कई नाम सामने आ चुके हैं। हालांकि कन्फर्म तौर पर किसी एक नाम पर हामी नहीं भरी गई। अब पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट को लेकर एक नाम सामने आया है। यह टेलीविजन इंडस्ट्री का जाना माना एक्टर है। फेमस रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का आगाज होने वाला है। खतरनाक स्टंट से भरे इस शो में पहले से ज्यादा बड़ा खतरा देखने को मिलेगा। व्यूअर्स को हर बार से कुछ अलग देखने को मिले, इसके लिए शूटिंग लोकेशन बदल दी गई है। वहीं, फैंस को जिस चीज का इंतजार था, वो घड़ी भी अब सामने आ गई है।



***पहला कंटेस्टेंट हुआ कन्फर्म :*** खतरनाक स्टंट शो से भरे 'खतरों के खिलाड़ी' में कंटेस्टेंट्स को हर एक एपिसोड में पहले से ज्यादा डरावने स्टंट कराए जाते हैं। कभी पानी में देर तक बिना सास रोके एक टास्क पूरा करना होता है, तो कभी जानवरों के बीच रहकर अपने टास्क को अंजाम तक पहुंचाना होता है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में भी कुछ ऐसे ही स्टंट कंटेस्टेंट्स को परफॉर्म करने होंगे। इस बार की शूटिंग केप टाउन में न होकर, रोमानिया में होगी। दीपिका कक्कड़ ने नए व्लॉग में 'खतरों के खिलाड़ी 14' को लेकर हिंट दी है। दरअसल, शोएब इब्राहिम, दीपिका से कहते हैं कि जिम करने के बाद आइसक्रीम खाकर उन्हें गिल्ट होता है।

# *धोनी की बेटी जीवा के साथ सुशांत सिंह की थ्रोबैक फोटो इंटरनेट पर छाई, खूब हुई थी दोनों की मस्ती*

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई है, जिसमें वह धोनी की बेटी जीवा के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। ये तस्वीर तब की है जब वह धोनी के घर पर अक्सर जाया करते थे। धोनी और उनकी फैमिली से मिलवाने के लिए सुशांत अंकिता लोखंडे को भी एक बार अपने साथ ले गए थे। दिवंगत बॉलीवुड स्टार सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल तस्वीर में दिवंगत एक्टर स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा को गले लगाते नजर आ रहे हैं। ब्लैक एंड वाइट इस तस्वीर में सुशांत मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि पीछे बैठे धोनी दोनों को देखते हुए स्माइल दे रहे हैं। तस्वीर देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भावुक हो उठे हैं। एक ने लिखा- आपको बहुत मिस करते हैं। दूसरे यूजर ने लिखा- लेजेंड्स कभी नहीं मरते।

### लोगों ने कहा- सुशांत जिन्हें लोग कभी भूल नहीं सकते

एक अन्य ने कमेंट किया- सुशांत एक ऐसा नाम है जिसे लोग कभी भूल नहीं सकते। बता दें कि ये फोटो 2016 की है, जब सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी की बायोपिक 'एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' में उनकी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी और दिशा पटानी भी नजर आई हैं।

### अंकिता को मिलाने लेकर गए थे धोनी के घर

यहां ये बी बता दें कि सुशांत धोनी के घर अपनी गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे के साथ पहुंचे थे। वैसे बायोपिक की वजह से सुशांत का धोनी



के घर आना-जाना रहता था और वो अंकिता को भी उनसे मिलाने लेकर गए थे। इस मौके पर सुशांत और अंकिता ने जीवा के साथ खूब सारा वक्त बिताया और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आज भी सबका दिल जीत रही हैं।

### सुशांत के निधन को 4 साल हुए पूरे

जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत अपने मुंबई स्थित आवास में मृत पाए गए थे। सुशांत के निधन के 4 साल बाद भी इस केस में सीबीआई जांच अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। एक्टर के फैंस और परिवार का कहना है कि उनके चहेते सुशांत सिंह राजपूत को इंसाफ नहीं मिल पाया है। लगातार उनके लिए जस्टिस की मांग कर रहे हैं।

## ये हैं दुनिया की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्में

# हॉलीवुड का धमाल : लाखों में बनाया और अरबों में कमाया..!

*मुंबई। फिल्में हमेशा से ही मनोरंजन का साधन रही हैं। फिर चाहे वो तब का जमाना हो या अब का। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो या फिर हॉलीवुड। हर साल ना जाने कितनी फिल्में बनती हैं। इनमें कुछ ब्लॉकबस्टर होती हैं, कई सुपरहिट होती हैं तो कइयों को असफलता का स्वाद भी चखना पड़ता है। अब तक की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली सारी फिल्में हॉलीवुड की हैं। एक फिल्म तो 52 साल पहले 1972 में रिलीज हुई थी।*




**पैरानॉर्मल एक्टिविटी :** साल 2007 में रिलीज हुई ये एक ऐसी हॉरर फिल्म है, जिसे देखने वालों की रूह कांप गई थी। ओरेन पेली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट महज 12 लाख 49 हजार 927.50 रुपए था, लेकिन इसने 16 अरब, 11 करोड़, 57 लाख, 31 हजार 900.00 रुपए का प्रॉफिट कमाया था।

**टार्नेशन :** ये फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। मानसिक रूप से बीमार मां के साथ बड़े होने के फिल्म निर्माता के अपने अनुभवों को लेकर बुनी गई 'टार्नेशन' 218.32 डालर के बजट में बनाई गई है। जोनाथन कॉउएट के निर्देशन में बनी ये मूवी परिवार, मेंटल हेल्थ और पहचान से जुड़ी मुश्किलों को एकदम खुलकर बताती है। पूरी फिल्म उन फुटेज से बनी है, जिन्हें डायरेक्र जोनाथन ने 19 सालों में रिकॉर्ड किया था। ये फिल्म भी सिनेमा के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। इसने 1,200,00 डॉलर का प्रॉफिट कमाया।



**'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' :** 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' 1999 की हॉरर फिल्म है, जिसका डायरेक्शन डैनियल मायरिक और एडुआर्डो सांचेज ने किया। कहानी एक डॉक्युमेंट्री फिल्ममेकर्स के ग्रुप की है, जो एक चुड़ैल के बारे में स्थानीय किंवदंती की जांच करते हुए जंगल में खो जाते हैं। इस फिल्म का फुटेज स्टाइल, शानदार एक्टिंग और मार्केटिंग कैंपेनिग ने इसे सच्ची कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। इस फिल्म की फुटेज शैली एक मील का पत्थर और हॉरर सिनेमा का एक क्लासिक बन गया। क्रिटिक्स की जबरदस्त सराहना की बदौलत फिल्म ने बंपर प्रॉफिट कमाया। 49, 99, 356.00 रुपए में बनी इस फिल्म ने इतना प्रॉफिट कमाया कि सुनकर आपके कान खड़े को जाएंगे। जी हां। ये आंकड़ा 20 अरब, 71 करोड़, 58 लाख, 38 हजार था।



**डीप थ्रोट :** इस फिल्म का बजट 25,000 डालर यानी 20, 83, 212.50 भारतीय रुपए था। प्रॉफिट हुआ 22,528,467 डालर का। यानी 1877263362.41डालर (1 अरब, 87 करोड़, 72 लाख, 63 हजार तीन सौ 62 रुपए) का। 1972 में रिलीज हुई 'डीप थ्रोट' काफी बोल्ड फिल्म थी। इसका डायरेक्शन जेरार्ड डेमियानो ने किया। ये फिल्म विवाद का कारण बनी। पूरे देश में सेंसरशिप और कानून के बारे में चर्चा तेज हो गई। लीड एक्ट्रेस लिंडा लवलेस खुद इस फिल्म के खिलाफ चली गईं, जिससे नारीवादी आंदोलन पर भी प्रभाव पड़ा। इतना कुछ होने के बावजूद इसका नाम इतिहास में दर्ज है।



**इरेजर हेड :** इसका बजट 10,000 डालर (833285 रुपए) था। फिल्म ने 7,000,000 डालर (58 करोड़ 32 लाख 99 हजार 500 रुपए) का प्रॉफिट कमाया। 1977 में रिलीज हुई ये हॉरर मूवी ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई। फिल्म के भयान सीन और डरावनी आवाजें आज भी रूह कंपा देते हैं।







# भयंकर विस्फोट से कबाड़खाने के परखच्चे उड़े, इलाका दहला

## 200 मीटर दूर तक मिले मानव अंगों के टुकड़े, कई के हताहत होने की आशंका

**जबलपुर। अधारताल थाना अतंर्गत खजरी खिरिया बायपास में स्थित एक कबाड़ खाने में गुरुवार की दोपहर 12.15 बजे के लगभग एक भयंकर विस्फोट हुआ, जिसकी आवाज पांच किलोमीटर दूर तक सुनी गई। जैसे ही धमाके की खबर फैली वैसे ही शहर में सनसनी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के अधिकारी एंबुलेंस, डॉग स्क्वायड, और बम निरोधक दस्ता मौके पर जांच पड़ताल के लिए पहुंच गया। हालात यह थे कि विस्फोट की वजह से ऊपर से गर्मी के कारण घटनास्थल इतना गर्म था कि जांच करने पहुंचे अधिकारियों को मुश्किल से गुजरना पड़ा।**






नगर निगम से दमकल बुलवाकर पानी से पहले इलाके को गीला किया गया उसके बाद जांच पड़ताल शुरु हुई। हालांकि यह सामाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से अधिकारिक तौर पर इस दुर्घटना में जनहानि की कोई पुष्टि नहीं की गई है लेकिन जो वीडियो आ रहे और स्थानीय लोगों के बयान सामने आ रहे है उसके मुताबिक 200 मीटर दूर तक मानव अंगों के टुकड़े मिले। गोदाम में लगी लोहे की शटर कई टुकड़ों में 100 मीटर दूर पाई गई। विस्फोट के समय दो कर्मचारियों के काम करने बात सामने आ रही है। घटना के बाद से वे लापता है। जिससे माना जा रहा है कि इस घटना में कम से कम दो लोगों की जनहानि होने की संभावना है। धमाका इतना जोरदार था कि 1 किलोमीटर दूर स्थित मकानों में दरारे आई हैं। यह खौफनाक घटना खजरी के रजा मेटल इंडस्ट्रीज में हुई जो शमीम कबाड़ी की बताइ जा रही है जिसका संचालन उसका बेटा फहीम करता है। धमाके के बाद पूरा कारखाना जमींदोज हो गया। कितने लोग मरे हैं इसको लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन कई लोग दबे होने की आशंका है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सोनाली दुबे ने ईएमएस से चर्चा के दौरान बताया कि खजरी खिरिया बायपास स्थित रजा मेंटल इंडीस्ट्री में दोपहर 12 बजे के लगभग भयंकर विस्फोट की घटना हुई। ये विस्फोट किस वजह से और किस चीज में हुआ है इस बात की तहकीकात की जा रही है। उन्होंने बताया कि कबाड़खाने में एलपीजी सिलेण्डर और ऑक्सीजन सिलेण्डर रखे हुए थे। विस्फोट किस चीज से हुआ और आग एलपीजी गैस सिलेण्डर तक कैसे पहुंची, इन सब बिन्दुओं पर जांच की जा रही हैं। उनसे जब सवाल किया गया कि क्या यहां सुरक्षा संस्थानों से खरीदे जाने वालें व्रैप में कोई जिंदा बम या विस्फोटक तो कटिंग के दौरान तो नहीं फटा, इस श्रीमति दुबे ने कहा कि कबाड़खाने को किन-किन चीजों की परमीशन मिली थी क्या व्रैप कटिंग के दौरान लापरवाही से हादसा हुआ या अन्य कारणों से विस्फोट हुआ इस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### 2 मजदूर लापता

बताया जा रहा है कि हादसे के समय फक्ट्री के अंदर वाले हिस्से में दो मजदूर काम कर रहे थे, वहीं बाहर के हिस्से में 06 मजदूर काम कर रहे थे। बाहर के हिस्से में काम करने वाले मजदूर तो मौजूद हैं। लेकिन अंदर काम करने वाले मजदूर लापता बताए गये हैं। माना जा रहा है कि यह मजदूर मलबे में दबे हुये है। मौके से मलबा हटाने का कार्य पानी सिंचाई के बाद शुरु किया गया है। अनुमान के मुताबिक दो या अधिक लोगों की मौत की संभावना है।

### लोग समझे भूकंप आ गया

रजा मेटल्स खजरी-खिरिया में धमाका इतना तेज था कि आसपास जितने भी क्षेत्र हैं, वहां तक आवाज पहुंची। जिसे सुनकर लोग घरों से बाहर निकल गए और काफी देर तक यह चर्चा रही कि संभवतः कहीं भूकंप आया और कहीं कोई बड़ा नुकसान हुआ। हालांकि कुछ देर बाद स्पष्ट हो गया कि भूंकप नहीं बल्कि कबाड़खाना में धमाका हुआ है।

### देर से पहुंची फायर और पुलिस

लोग इस बात को लेकर भी आक्रोशित दिखे कि घटना के तत्काल बाद पुलिस और दमकल अमले को सूचना दे दी गई थी, इसके बावजूद भी दोनों ही विभाग के कर्मचारियों ने उतनी तत्पर्ता नहीं दिखाई, जितने की जरूरत थी। वहां मौजूद कुछ लोगों ने कर्मियों के सामने इस बात का विरोध भी प्रकट किया।

### विस्फोट के वक्त अंदर थे कई मजदूर

जिस वक्त विस्फोट हुआ उसे वक्त फैक्ट्री में अंदर कई मजदूर काम कर रहे थे। घटना के दौरान उनके हताहत होने की आशंका विस्फोट के बाद मलबे में मानव के कटे हुए अंग मिले हैं। इससे आशंका व्यव्त की जा रही है कि इस विस्फोट में मजदूर के जान माल की क्षति हुई है। कुछ मजदूर के घायल होने की सूचना है, जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल को घेर लिया था और बाहरी व्यव्ति को प्रवेश के लिए रोक दिया था।

### फायर टेस्टिंग के एलआर कबाड़ में मिले

जबलपुर के खजरी खिरिया में कबाड़ गोदाम में हुए ब्लास्ट के बाद प्रारंभिक जांच में एक नया खुलासा हुआ है। खमरिया फैक्ट्री में फायरिंग टेस्टिंग के दौरान एलआर सेल भी पाए गए है। घटना की जानकारी मिलने पर आईजी अनिल कुशवाहा और कलेक्टर दीपक सक्सेना भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पूरे मामलें की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए है साथ ही खमरिया फैक्ट्री के अधिकारियों को मौके पर बुलाया है ताकि जांच में उनकी मदद ले सके। आई जी और कलेक्टर ने कहा है कि घटना की बारीकी से जांच कराई जा रही है जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।क्या क्रैप कटिंग के दौरान हुई लापरवाही ?पूरी स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। लेकिन प्रारंभिक जांच में यही सामने आया है कि यहां सुरक्षा संस्थानों के क्रैप काटने का काम भी होता है। गैस कटिंग मशीन में संवेदनशील क्रैप को लापरवाही से काटा जा रहा था। जिससे ब्लास्ट हुआ है। एएसपी सोनाली दुबे ने ईएमएस से चर्चा में कहा कि घटना स्थल अभी गर्म है, जिससे जमीनी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। मलबे के नीचे और विस्फोटक होने की संभावना है। मलबा हटाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यही बात सामने आई कि यहां सुरक्षा संस्थानों के व्रैप की कटिंग की जाती है। यह भी पता किया जा रहा है गोदाम का मालिक इसके लिये अधिकृत था या नहीं था।



# नदी क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नर्मदा घाटों व नदी संरक्षण के लिये कहा नदी क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। साथ ही स्वच्छता बनाये रखें। श्रद्धालू पूजन उपरांत सामग्री को निर्धारित स्थल पर रखें, दीपदान में पत्तों के दोने या ऐसे कागज के दोने का उपयोग करें जिसमें प्लास्टिक न हो। कलेक्टर सक्सेना ने इसी उद्देश्य से दोना, पत्तल निर्माण ईकाईयों का भ्रमण किया। उन्होंने बल्देबबाग में तथा कटंगी बायपास में कागज के दोने बनाने वाले ईकाईयों का निरीक्षण कर दोने निर्माताओं से कहा कि वे दीपदान के लिये कागज के दोने बनायें जिसमें प्लास्टिक कोटेड न हो। दोने निर्माण ऐजेंसी ने भी खुशी-खुशी इस पुण्य कार्य में अपनी सेवायें देने के लिये तैयार हो गये। इसी क्रम में कलेक्टर ने रिछाई औद्योगिक क्षेत्र पहुंचकर जबाली पेपर लिमिटेड का भी निरीक्षण किया।

# 11 सौ से अधिक असफल बोर वेल के बंद होने की कराई गई पुष्टि

**जबलपुर।** अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों व बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने की घटनाओं को देखते हुये सतर्पता के बतौर जबलपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सर्वे करवाकर ऐसे 1हजार 119 बोर वेल की पुख्ता तौर पर बंद होने की पुष्टि कराई गई है जिन्हें अनुपयोगी और असफल पाया गया था। जिला पंचायत के अतिरिव्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह के मुताबिक जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह द्वारा जनपदों के माध्यम से जिले की सभी 527 ग्राम पंचायतों में बोरवेल, ट्यूब बेल का सर्वे कराया गया है । उन्होंने बताया सर्वे के दौरान 31 हजार 086 बोरवेल में से ऐसे 1 हजार 119 असफल बोरवेल के सुरक्षित होने की पुष्टि कराई गई जिनको कैपिंग कराकर बंद किया जा चुका है। सिंह के अनुसार सावधानी के बतौर इन असफल बोर वेल का दुबारा भी सर्वे कराकर उनके पुख्ता तरीके से बंद (केप्ड) होने की पुष्टि संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कराई गई। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से इन सभी असफल बोर वेल के सुरक्षित होने का प्रमाण पत्र भी लिया गया है। इसके साथ ही असफल और असुरक्षित बोरवेल के पुख्ता तरीके से बंद होने के प्रमाण की पुष्टि हेतु जियो टैग फोटो भी कराई गई है। अतिरिव्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिकों से अपील भी की है कि यदि उन्हें कहीं से भी खुले बोर की जानकारी प्राप्त होती है तो इसकी सूचना तत्काल सबंधित जनपद पंचायत अथवा जिला पंचायत को दें। उन्होंने बताया कि नागरिकों द्वारा खुले बोर वेल की सूचना सीएम हेल्पलाइन में भी दी जा सकती है। जिला पंचायत के अतिरिव्त सीईओ मनोज सिंह ने बताया कि खुले बोर वेल से सबंधित दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से राज्य शासन ने सीएम हेल्पलाइन एप्लिकेशन में एक नया मॉडय़ूल भी शामिल किया है। सीएम हेल्पलाईन एप्लिकेशन को कोई भी नागरिक गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड और इंस्टाल कर सकता है।

# वीडियो में कैद चाकूबाज फिर भी दर्ज नहीं हुई एफआईआर

## गोहलपुर पुलिस का कारनामा, पीड़ित को मिल रही धमकी

**जबलपुर।** आमजन में सुरक्षा की भावना और बदमाशों में पुलिस का खौफ दिखे यह जुम्ला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर अपने अधीनस्थों को देते रहते है। मगर यह बात सिर्फ बैठकों तक ही सीमित रहती है हकीकत ठीक इसके विपरीत है। ऐसा ही एक मामला गोहलपुर क्षेत्रातंर्गत देखने को मिला जहां एक नाबालिग पर क्षेत्र के बदमाश ने चाकू से हमला किया। वारदात सीसीटीव्ही फुटेज में कैद भी हुई, बावजूद इसके जब पीड़ित अपने परिजनों के साथ थाना पहुंचा तो उसकी एफआईआर दर्ज करने की वजाए आवेदन लेकर उसको चलता कर दिया। इस बात की भनक जब बदमाश को लगी तो वह अब भी नाबालिग को जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिससे नाबालिग समेत उसका पूरा परिवार दहशत में है।

### गांजा पीने से रोकना नागवार गुजरा

मदार छल्ला निवासी 16 वर्षीय अनीरूद्दीन अंसारी ने बताया कि 23 अप्रैल को वह गोहलपुर थाने के पीछे अपने दोस्तों के साथ खड़ा था। तभी उसकी गाड़ी के पास पंचशील स्कूल के पीछे रहने वाला कैफू उर्फ खालिद आटो वाला पहुंचा और गांजा पीने लगा। नाबालिग ने गाड़ी के पास गांजा पीने से मना किया यह बात कैफू को नागवार गुजरी और उसने चाकू निकालकर नाबालिग पर हमला करना शुरु कर दिया।



यह देखकर आसपास के लोग बचाने दौड़े और नाबालिग को वहां से अलग किया।

### फुटेज देखा आवेदन लेकर किया चलता

यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीव्ही फुटेज में कैद हो गई जिसे लेकर नाबालिग अपने परिजनों के साथ गोहलपुर थाना पहुंचा जहां मौजूद स्टॉफ ने फुटेज देखने के बावजूद उससे सिर्फ सादे कागज में आवेदन लिखाया और चलता कर दिया। नाबालिग ने बताया कि यह जानकारी कैफू को मिल गई और अब वह लगातार उसको जान से मारने की धमकी दे रहा है। बताया जाता है कि कैफू गोहलपुर क्षेत्र का निगरानीशुदा बदमाश है।

### इनका कहना है-

यह घटना कब हुई मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है। अभी में खजरी खिरिया बायपास पर व्यस्त हूं।
-राजपाल बघेल, टीआई गोहलपुर

**अक्षय तृतीया 10 मई को**

# वैशाख में गरीबों और जरूरतमंदों को दान देने का विशेष महत्व

**जबलपुर। 24 अप्रैल से वैशाख माह की शुरुआत हो चुकी है। सनातन धर्म में वैशाख माह का विशेष महत्व है। इस माह के कई प्रमुख तीज और त्योहार मनाए जाते हैं। इस माह अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती के साथ कई महत्वपूर्ण त्योहार मनाए जाएंगे। वैशाख माह 23 मई को खत्म होगा। वैशाख माह को सनातन पंचांग का दूसरा माह होता है। अक्षय तृतीया 10 मई को पड़ रही है।**

वैशाख माह को माधव मास के नाम से भी जाना जाता है। पंडित शिवशंकर तिवारी के मुताबिक, वैशाख माह में भगवान कृष्ण के माधव रूप की पूजा की जाती है। इसके अलावा इस माह में गरीबों और जरूरतमंद लोगों को दान देने का विशेष महत्व है। इस माह में स्नान-दान, मांगलिक और शुभ कार्य करना शुभ होता है। वैशाख माह में भगवान विष्णु के कृष्णावतार की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।




# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**जबलपुर।** नशे के तौर पर दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के नियंत्रक औषधि प्रशासन मयंक अग्रवाल के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग जबलपुर ने कोडीन युक्त सिरप के क्रय-विक्रय के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर बलदेवबाग स्थित मैसर्स समायरा एसोसिएट्स का लायसेंस निलंबित कर दिया है। इस दवा दुकान की औषधि निरीक्षक देवेंद्र जैन एवं शरद जैन द्वारा विगत दिनों जाँच की गई थी। जाँच के दौरान फर्म की प्रोप्राइटर श्रीमति ममता कोरी से कोडीन कफ सिरप की खरीदी का रिकार्ड प्रस्तुत करने कहा गया था। लेकिन उनके द्वारा कोई भी दस्तावेज या जबाब खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। औषधि निरीक्षक शरद जैन ने बताया कि कोडीन युक्त सिरप के क्रय-विक्रय का रिकार्ड नहीं दिये जाने पर समायरा एसोसिएट्स को स्वीकृत थोक अनुज्ञप्तियां औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा आगामी आदेश तक के लिए निलंबित कर दी गई है । इस दौरान यह दुकान बंद रहेगी । निलंबन आदेश के बाद अनावेदक द्वारा औषधि के क्रय अथवा विक्रय को पूर्णत अवैधानिक माना जायेगा । यदि ऐसा किया गया तो यह कृत्य प्रशासनिक एवं न्यायालयीन कार्यवाही किये जाने योग्य होगा । साथ ही फर्म के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही भी की जायेगी। खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग ने जिले के थोक व रिटेल दवा व्यापारियों को दवा दुकान संचालन के दौरान औषधी एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम और नियमावली का पालन करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं । दवा विक्रेताओं से कहा गया है की नींद में उपयोग होने वाली दवाओं, गर्भपात की दवाओं और शेडय़ूल दवाओं का विक्रय नियमानुसार ही करें तथा उनका रिकॉर्ड भी संधारित किया जाये । दवा विक्रेताओं को नींद की दवाओं तथा उन दवाओं के विक्रय में सावधानी बरतने की हिदायत भी दी गई है, जिनका नशे के रूप में दुरुपयोग किया जा सकता है । दवा विक्रेताओं से कहा गया है कि ऐसी दवाओं का संग्रहण उचित स्थान पर करें तथा फ्रिज में उन्हीं दवाओं का संग्रहण किया जाये जिन्हें कोल्ड स्टोरेज में रखा जाना है । दवा विक्रेताओं को अग्रिम तिमाही में एक्सपायरी डेट की दवाओं को विक्रय हेतु स्टॉक से अलग रखने के निर्देश भी दिये गये हैं, ताकि भूलवश भी एक्सपायरी डेट की दवाओं का विक्रय न हो सके । साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि यदि कोई दवा विक्रेता नशे की दवाओं के अवैध व्यापार में लिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।



## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने 251 दीपों से की महाआरती



**जबलपुर।** विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अजय चौरसिया ने जानकारी दी की विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संगीतमय प्रति मंगलवार हनुमान चालीसा समिति के तत्वावधान में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का 251 वां सप्ताह एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से धनवंतरी नगर चौराहे पर सम्पन्न हुआ जिसमें भक्तों के द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ, हनुमान चालीसा पाठ व पौधों का वितरण किया गया। साथ ही श्रीराम, श्री हनुमान, भारत माता की झांकी व 251 दीपों से महाआरती की गई। कार्यक्रम में महाकौशल प्रांत सहमंत्री प्रदीप गुप्ता, बजरंग दल विभाग संयोजक सुमित सिंह ठाकुर, रमेश श्रीवास, यतेंद्र उपाध्याय, रोहित सिंह ठाकुर, गंगाराम, आशीष शिवहरे, कमल लोधी, उज्वल सिंह, नितेश विश्वकर्मा एवं क्षेत्रीयजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

## "ख्वाजा तेरे नाम के दीवाने हो गये..." क़व्वाली के साथ उर्स का समापन



**जबलपुर।** रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड के सुब्हानबाग स्थित हजरत हाजी मोहम्मद सुब्हानल्लाह शाह रह. अलैह के उर्स शरीफ के दूसरे दिन मंगलवार को बाद दोपहर 3 बजे चांदनी चौक से चादर जुलूस अक़ीदत के साथ निकाला गया। चादर जुलूस में सभी धर्म के लोग शामिल हुए और एकता का परिचय दिया। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे गश्त उपरांत जुलूस मजार शरीफ पहुंचा जहाँ परंपरानुसार चादर पोशी, गुल पोशी की गई। क़व्वाली- रात्रि 10 बजे क़व्वाली का एहतेमामकिया गया। दरबारे सुब्हानिया के सज्जादानशीन बदरुद्दीन गुड्डु बाबा ने आयोजान की सरपरस्ती फरमाई। हिंदुस्तान के मशहूर क़व्वाल जीशान फैज़ान ने अपने क़लाम पेश किये। अकीदतमंदों ने दिल खोलकर कलामो पर नजराना पेश किया। "ख्वाजा तेरे नाम के दीवाने हो गए..." इस कलाम ने अक़ीदतमंदों को अक़ीदत से सराबोर कर दिया। देर रात्रि तक चली क़व्वाली का सलातो सलाम के साथ समापन हुआ।

## अंजुमन इस्मालिया इंग्लिश मीडियम स्कूल में की जा रही बगैर डिग्री के शिक्षकों की भर्ती

**जबलपुर।**

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर महामंत्री मुज्जमिल अली ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि अंजुमन इस्मालिया इंग्लिश मीडियम स्कूल मढ़ाताल के प्राचार्य मो. आशिफ के पास न तो एम.एड. की डिग्री है और न ही बी.एड. की। उनकी बगैर डिग्री देखे स्कूल प्रशासन द्वारा उन्हें प्राचार्य पद पर बैठा दिया गया है,



जो कि वहां पढ़ रहे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाना है और उनके जैसे वहां पढ़ाने वाले शिक्षकों के पास भी ऐसी कोई डिग्री नहीं है। अतः जिला शिक्षा अधिकारी से निवेदन है कि अंजुमन इस्मालिया इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ा रहे शिक्षक एवं वहां के प्राचार्य की डिग्रियों की जांच कर उचित कार्यवाही की जाये जिससे वहां पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य अंधकारमय न हो।

## यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल का छात्र मेरिट लिस्ट में

### सर्वोच्च अंक स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, आधारताल और गोहलपुर द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्था के आदर्श वाक्य को सार्थक करते हुए संस्था के छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, टीचर्स, प्रिंसिपल और संस्था का नाम रोशन किया गया है। इस वर्ष संस्था के छात्र साहिल गुप्ता ने प्रदेश की मैरिट लिस्ट में 10 वां और जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलाव क्लास 5 में अंशिका कोरी 93.5%, क्लास 8 में कृष्णा कुमार पटेल 92.6%, क्लास 10 में पलक सिंह 96%, गुलनार बानो 92.8%, श्रृष्टि सोनी 92.2%, कुमकुम विश्वकर्मा 88.6%, श्रृष्टि सोनी 85.5% क्लास 12 में साहिल गुप्ता 96.4%, प्रवीण रजक 93.2%, सुयश गुप्ता 93%, देवेंद्र श्रीवास 89.4%, माही जैसवाल 88.8%, अल इज वा सिद्धिकी 86%, हर्षित कुर्मी 85.8%, अमोघ चौबे 85.4%, सौम्या कनौजिया 85.2%, सहिमा परवीन, रिचा राठौर, राधा बर्मन, साक्षी पटेल, आराध्या प्रजापति, हर्षिता वेन के द्वारा मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया गया, साथ ही प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी संस्था का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि पर संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी, प्राचार्य श्रीमती सोनल तिवारी के साथ ही समस्त स्टॉफ ने छात्रों को बधाई प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य को कामना की है।

**महाकोशल लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन जिला कलेक्टर एवं शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत किए दस्तावेज**

## बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों को तत्काल बंद कराया जाए

**जबलपुर।**

महाकोशल लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा 25 अप्रेल को जिला कलेक्टर एवं शिक्षा अधिकारी को ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के चार स्कूल बिना मान्यता प्राप्त संचालित होने के दस्तावेज प्रस्तुत कर स्कूलों को तत्काल बंद करने की मांग की गई है।इस संबंध में अध्यक्ष एड. अंकुश चौधरी ने बताया कि ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन एवं रक्षा इंटरनेशनल के जबलपुर शहर में छह स्कूल संचालित हो रहे हैं, जो की तेवर, आधारताल, राइट टाउन, सिविल लाइंस, धनवंतरी नगर एवं ग्वारीघाट में स्थित हैं, जो सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित किया जा रहा है, इसकी जानकारी स्वयं ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन ने अपने ब्रोसर में प्रकाशित की है, लेकिन सीबीएसई बोर्ड की साइट में ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल की एक ही ब्रांच प्रकाशित हो रही है, जो की तेवर में स्थित है एवं मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड की मान्यता सूची में रक्षा इंटरनेशनल स्कूल का नाम प्रकाशित हो रहा है, उसमें भी स्कूल के पास जिलेटिन की फैक्ट्री है जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है, बाकी शहर की 4 ब्रांच जो आधारताल, सिविल लाइन, धनवंतरी नगर, ग्वारीघाट में स्थित है उनकी कोई भी जानकारी सीबीएसई की साइट में नहीं दिखाई दे रही है और न ही मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड की सूची में है। मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड की सूची में भी सिर्फ तेवर स्थित स्कूल है, बाकी के अन्य चार स्कूल इनके मान्यता किस बोर्ड से है, इनके प्ले ग्राउंड, स्कूल एरिया एवं अन्य मापदंड की जिस बोर्ड के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है या नहीं एवं मान्यता की पूर्ण जांच की जाएजिसमें अंकुश चौधरी, एड. मोहित प्यासी, राहुल अग्रिया, रोहित कुरील, एड. शुभम प्रजापति, पुनीत चौबे, प्रियेश शर्मा, मोहित पियाशी, एड. नितिन पटेरिया, प्रतीक कोरी, आशीष चौकसे, अमित पटेल, अभिरूप चंसोरिया, एड. गौरव तिवारी, एड. प्रीति, एड. धीरेंद्र सिंह, एड. आनंद सिंह, रोहित नामदेव, अभि नहर, शिपू सोनकर, मनीष प्रजापति, कुणाल सेन, जोहेब खान, सुरेंद्र शर्मा, विवेक तामरकर, गुरु तामरकर उपस्थित रहे।





## प्रगति तिवारी का सुयश

**जबलपुर।** वर्णी दिगम्बर गुरूकुल स्कूल पिसनहारी मढ़िया की कक्षा 10वीं की छात्रा प्रगति तिवारी ने परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रगति ने अपनी सफलता का श्रेय पिता प्रमोद-प्राची तिवारी और स्कूल के टीचरों को दिया।



## पार्थ तिवारी ने बढ़ाया नगर का गौरव

**सिहोरा।** बाबाताल वार्ड 11 निवासी सुनील नीलम तिवारी के पुत्र पार्थ तिवारी ने शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल ने घोषित हुए हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 95.2 प्रतिशत 500 में से 476 अंक के साथ सभी विषयों में विशेष योग्यता एंव गणित में 100 में से 99 अंक प्राप्त कर नगर के साथ ब्राह्मण समाज सिहोरा का गौरव बढ़ाया है।

## प्रयोगशाला उपकरणों पर कार्यशाला का आयोजन

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग ने विश्व बैंक परियोजना, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के आदेश के परिपालन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन "इंस्ट्रूमेंटेशन एंड एप्लीकेशंस ऑफ़ लैबोरेट्री इक्विपमेंट इन केमिकल एनालिसिस" शीर्षक पर किया । कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव के संरक्षण में तथा आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ की समन्वयक, रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुनु आर के मैथ्यू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ निधि असाटी, डीन ऑफ स्कूल ऑफ़ बेसिक एंड अप्लाइड साइंसेज, एकलव्य यूनिवर्सिटी दमोह से उपस्थित रहीं । कार्यशाला में प्रयोगशाला के उपकरणों के सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक बारीकियों से अवगत कराया गया। अध्यक्ष ने कार्यक्रम का लाभ लेने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मैथ्यू ने कार्यशाला की रूपरेखा, इसके उद्देश्यों और महत्व को विद्यार्थियों को अवगत कराया। मुख्य वक्ता डॉ निधि असाटी ने पराबैंगनी- दृश्य स्पेक्ट्रोफोटोमीटर की आधारभूत सिद्धांतों से लेकर यंत्र की कार्यप्रणाली उसकी उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

## निधन

**श्री विजय कुमार श्रीवास्तव-** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास निवासी श्री विजय कुमार श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री वीना सलारिया-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री निहाल चंद सलारिया की पुत्री सुश्री वीना सलारिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विनोद कुमार पांडे-** कचनार सिटी विजयनगर निवासी श्री विनोद कुमार पांडे (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रीतेश कुमार शर्मा-** द्वारका नगर चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री कैलाश चंद्र शर्मा के पुत्र श्री रीतेश कुमार शर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला यादव-** रेलवे रेस्ट हाउस के पीछे सिविल लाइन निवासी श्री पन्ना लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूर्णिमा यादव-** उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री सुरेश यादव की धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोपाल राम धानुक-** रामनगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री गोपाल राम धानुक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश केवट-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राजेश केवट (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में विगत दिवस किया गया।

**श्रीमती तारा बाई-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री रूप चंद की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नित्तू कुरील-** राजीव गांधी नगर कटंगा कैंट निवासी श्री रमेश कुरील के पुत्र श्री नित्तू कुरील (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अजय पासी-** मोदी बाड़ा सदर निवासी श्री राजू पासी के पुत्र श्री अजय पासी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



## श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता जगत के लिए उदाहरण : सौरभ तिवारी

**सिहोरा।** वार्ड नम्बर 11 में नवीन कन्या भवन के पास स्वर्गीय राकेश तिवारी की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र की मिमांसा करते हुए भागवताचार्य पंडित सौरभ तिवारी ने श्रीकृष्ण-सुदामा की आदर्श मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा कि सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं, पर परमात्मा ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था।आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। आगे कहा कि कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा, सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए।

## ब्राह्मण समाज युवा मंडल का यज्ञोपवीत संस्कार आज

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज युवा मंडल सिहोरा द्वारा आज सुबह 7.30 बजे से शाम 4 बजे तक माता महाकाली मंदिर खितौला में भव्य यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार का आयोजन किया जा रहा है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **SWARNA MULEY** I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY FIRST NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **SUVARNA MULEY** W/O PRABHAKAR NARAYAN MULEY RESIDENT OF - B/52, RAJUL TOWNSHIP, TILHARI, MANDLA ROAD, JABALPUR (M.P.) 482020.

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमति परमजीत कौर बिन्द्रा पति श्री परविंदरजीत सिंह बिन्द्रा, निवासी म.नं. 311 रिलाइंस टॉवर के बगल मे मदन महल गुप्तेश्वर वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम परमजीत कौर बिन्द्रा (PARAMJIT KAUR BINDRA) दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम (PARAMJIT KAUR) दर्ज है परमजीत कौर बिन्द्रा (PARAMJIT KAUR BINDRA) एवं परमजीत कौर (PARAMJIT KAUR) दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के है। यह कि परमजीत कौर बिन्द्रा (PARAMJIT KAUR BINDRA) के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं

दिनांक 25.04.2024

शपथकर्ता
परमजीत कौर बिन्द्रा

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मै राघवेन्द्र सिंह राजावत पिता श्री चतुर सिंह, निवासी- महावीर नगर बी.टी.आई. स्कूल के पीछे वार्ड न.-11 भिण्ड म.प्र. 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पुत्र की इंडिविजुअल डाटा शीट 15730815पी सिगनल मैन प्रदीप सिंह के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम राघवेन्द्र सिंह अंकित है। जो कि गलत है। इसके स्थान पर मेरे आधार कार्ड न.- 9851 82256037 पर अंकित सही नाम राघवेन्द्र सिंह राजावत सुधार कर अंकित किया जाये। 3.यह कि राघवेन्द्र सिंह राजावत जन्मतिथि- 01/07/1963 है। जो कि गलत है। इसके स्थान पर मेरी सही जन्मतिथी 01/05/1966 जो कि मेरे आधार कार्ड न.- 9851 82256037 में अंकित है सुधार कर दर्ज की जावे। 4. यह कि राघवेन्द्र सिंह राजावत मेरी पत्नी मैना देवी जन्मतिथि 01/07/1966 जो कि गलत है। इसके स्थान पर मेरी पत्नी मैना देवी सही जन्मतिथि 01/01/1972 जो कि आधार कार्ड न.-4302 17884876 पर अंकित है सुधार कर दर्ज की जावे।

## खबर संक्षेप

### भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य शामिल हैं।

### ऑडी जून से दो फीसदी तक बढ़ाएगी कीमतें



**नई दिल्ली।** जर्मनी की वाहन विनिर्माता ऑडी ने कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि एक जून 2024 से बढ़ी हुईं कीमतें प्रभावी होंगी।

### अनंत राज का शुद्ध लाभ 47% बढ़कर 41 करोड़

Anant Raj Limited


**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी अनंत राज लिमिटेड का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 47 प्रतिशत बढ़कर 40.83 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मार्च, 2023 तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 27.75 करोड़ रुपये रहा था। मार्च, 2024 तिमाही में उसकी कुल आय 277.99 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 175.81 करोड़ रुपये थी।

### डिविस लैब उत्पादन बढ़ाने करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** दवा कंपनी डिविस लैबोरेटरीज ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ने के लिए 700 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता करने की प्रक्रिया में है और 650 करोड़ रुपये से 700 करोड़ रुपये तक का निवेश कर अपनी विनिर्माण इकाई की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है।

### सोना 110 रुपए टूटा, चांदी में 350 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 110 रुपये की गिरावट के साथ 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये बढ़कर 84,100 रुपये प्रति किलो हो गई।

### वेदांता का शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 27.2 प्रतिशत घटकर 1,369 करोड़ रुपये रहा। वेदांता ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने एक साल पहले 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1,881 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया था। कंपनी की एकीकृत आय जनवरी-मार्च तिमाही में घटकर 36,093 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले 2022-23 की इसी तिमाही में यह 38,635 करोड़ रुपये थी।

# ऑरेकल ने किया दशक के सबसे बड़े डिविडेंड का ऐलान, शेयरों में भी जबरदस्त तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईटी कंपनी के स्टॉक ने अपने शेयरधारकों को दशक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने का ऐलान कर मालामाल कर दिया है। आईटी सेक्टर की इस कंपनी का नाम है ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर कंपनी ने 240 रुपए के जबरदस्त डिविडेंड का ऐलान करके अपने शेयरधारकों की झोली भर दी है। ध्यान देने वाली बात ये है कि पिछले दस सालों में यह कंपनी द्वारा दिया जा रहा सबसे बड़ा डिविडेंड है। इससे पहले कंपनी ने साल 2014 में 485 रुपए के शानदार डिविडेंड का ऐलान किया था। कंपनी ने 240 रुपए के डिविडेंड के लिए 7 मई को रिकॉर्ड डेट फिक्स किया है। ऐसे में जिन शेयरधारकों के पास इस दिन तक शेयर रहेंगे केवल उन्हें ही डिविडेंड का लाभ मिल पाएगा।

■ पिछले दस सालों में यह कंपनी द्वारा दिया जा रहा सबसे बड़ा डिविडेंड

## कंपनी ने 240 रुपए का जबरदस्त डिविडेंड शेयरधारकों की झोली में डाला

### ये रही है कंपनी के डिविडेंड की हिस्ट्री

इससे पहले ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर ने साल 2023 को 225 रुपए के डिविडेंड का ऐलान किया था। वहीं साल 2022 में 190 रुपए और साल 2021 में कंपनी द्वारा अपने शेयरधारकों को 200 रुपए बतौर डिविडेंड दिए गए थे। खास बात ये है कि कंपनी 2014 से लेकर अब तक केवल 10 सालों के भीतर कंपनी ने शेयरधारकों को 2100 रुपए का लाभांश बांटा है।




### कैसे रहे कंपनी के तिमाही के नतीजे

हाल ही में कंपनी ने मार्च 2024 के तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। मार्च की तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफे में करीब एक चौथाई की गिरावट देखी गई है और यह गिरकर 560.10 करोड़ रुपए रह गया है। वहीं कंपनी की आय में मार्च की तिमाही में 11.70 फीसदी की बढ़त के साथ 1,642.40 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। वहीं कंपनी का ईबीआईटी मार्जिन 40 बेसिस प्वाइंट्स बढ़कर 44.70 फीसदी तक पहुंच गया है।

### शेयरों में आई तेजी

240 रुपए के तगड़े डिविडेंड के ऐलान के बाद से इस आईटी कंपनी के शेयरों में जबरदस्त बढ़त दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर बुधवार को 7362.65 रुपये पर बंद हुए थे। आज मुनाफावसूली के कारण कंपनी के शेयरों में 113.90 रुपए की कमी देखने को मिल रही है यह फिलहाल 7,248.75 रुपए पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में 112 फीसदी की जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और यह एक साल में 3832.80 रुपए तक बढ़ चुके हैं।

## कंपनी निवेशकों से 18,000 करोड़ जुटाने में रही सफल

# वोडाफोन आइडिया को मिली नई जिंदगी करेगी स्मार्ट वापसीः कुमार मंगलम बिड़ला

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारी कर्ज बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के जरिये 18,000 करोड़ रुपये का बड़ा कोष जुटाने में सफलता हासिल की है। वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है।

### कंपनी 5जी सेवाओं पर ध्यान देगी

बिड़ला ने एफपीओ शेयरों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा कि दूरसंचार कंपनी अपना नेटवर्क बढ़ाने, इसे सघनता देने और चुनिंदा 5जी सेवाओं की पेशकश पर ध्यान केंद्रित करेगी।

### जुटाई रकम कारोबार में खर्च की जाएगी

चेयरमैन ने इसे वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के लिए दूसरी जिंदगी 'वीआई 2.0' की शुरुआत बताते हुए कहा कि जुटाई गई रकम का कारोबार में निवेश किया जाएगा, जिससे वृद्धि का चक्र शुरू होगा। बिड़ला ने समारोह में कहा, 'वीआई एक स्मार्ट वापसी करेगी। यह पल वीआई 2.0 की शुरुआत का प्रतीक है।'


वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है

कंपनी ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम लाया

वोडाफोन आइडिया भारी कर्ज के बोझ से दबी है

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना उसके लिए एक 'नई जिंदगी' है और यह कंपनी एक 'स्मार्ट' वापसी करने में सफल रहेगी।






!dea

*बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी : यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी, बिड़ला ने सकारात्मक अंदाज में जवाब दिया। 'यह कंपनी के लिए एक तरह से नया जीवन है।' इसके साथ ही बिड़ला ने वीआईएल के लिए यहां तक का सफर सुनिश्चित करने और दूरसंचार बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी बनाए रखने में मदद करने के लिए सरकार के सुधार पैकेज को भी श्रेय दिया।*

### कंपनी के पास 8000 मेगाहर्ट्ज से अधिक स्पेक्ट्रम

बिडला ने वीआई को 'राष्ट्रीय संपत्ति' बताते हुए कहा, '1.4 अरब लोगों का देश तीन निजी दूरसंचार कंपनियों का हकदार है। यह 21.5 करोड़ लोगों को सेवा देती है और उसके पास 8,000 मेगाहर्ट्ज से अधिक स्पेक्ट्रम है।' बिड़ला ने संवाददाताओं से बातचीत में इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बिक्री की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### बिडला समूह ने 1.70 लाख करोड़ किया निवेश

चेयरमैन ने कहा कि वीआई के प्रवर्तकों वोडाफोन और आदित्य बिड़ला समूह ने अब तक इसमें 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और पिछले पांच वर्षों में कंपनी में आए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश में से तीन-चौथाई प्रवर्तक कंपनियों से ही आए हैं। उन्होंने कहा कि वोडाफोन आइडिया का कुल कर्ज अब 4,000 करोड़ रुपये ही रह गया है।

### कंपनी ने मुश्किल दौर पार कर लियाः खारा

इसी कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि बैंक अधिकारियों ने इस कंपनी से संबंधित मुश्किल दौर और चिंताओं को पार कर लिया है। उन्होंने दूरसंचार कंपनी में भरोसा और यकीन दर्शाने के लिए बिड़ला को श्रेय दिया।

# बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स एक बार फिर 74,000 के पार

एजेंसी ⏭ मुंबई

बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स करीब 487 अंक बढ़कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,550 के ऊपर बंद हुआ।

बीएसई में शुरुआती कारोबार में बिकवाली का जोर रहा लेकिन बाद में यह उबरकर बढ़त लेने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है जिसमें बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तेजी के इस दौर में सूचकांकों ने करीब 2.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। स्टॉक्सबॉक्स में तकनीकी एवं डेरिवेटिव विश्लेषक अवधूत बागकर ने कहा, एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों ने बाजार को कमजोर शुरुआत दी।



■ सेंसेक्स में 487 और निफ्टी में 168 अंक की बढ़त

■ बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी रही

### एक्सिस बैंक ने लगाई छह फीसदी की छलांग

सेंसेक्स के समूह में शामिल एक्सिस बैंक ने छह प्रतिशत की लंबी छलांग लगाई। बैंक के सकारात्मक तिमाही नतीजे से उसे निवेशकों का समर्थन मिला। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, नेस्ले, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल भी बढ़त के साथ बंद हुईं।

### कोटक महिंद्रा में रही गिरावट

रिजर्व बैंक ने आईटी मानकों का बार-बार उल्लंघन किए जाने पर कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल रोक दिया है। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, बजाज फाइनेंस, मारुति और एशियन पेंट्स के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई।


# देश में वित्त वर्ष 2023-24 में एक लाख से अधिक पेटेंट जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेटेंट, डिजाइन तथा ट्रेडमार्क महानियंत्रक उन्नत पंडित ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में वित्त वर्ष 2023-24 में 1.03 लाख पेटेंट जारी किए गए। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) कार्यालय में 'कोई विलंब नहीं' होगा और समय पर पेटेंट आवेदनों का निपटान करना ही प्राथमिकता है।

उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अनुरोध के 30 महीने के भीतर 40 प्रतिशत आवेदनों का निपटारा किया गया। पंडित ने कहा, 'हम आईपी कार्यालय में कोई देरी नहीं करेंगे... यही हमारा उद्देश्य है कि..आईपी प्रदान किया जाना चाहिए और अधिनियम के अध्याय-8 के तहत इसका उपयोग आवेदक द्वारा भी किया जाना चाहिए ...। पंडित ने कहा, 'सभी लंबित आवेदन का निपटान हो गया है इसलिए अब जो भी आवेदन जांच या सुनवाई के लिए आएंगे..उनका निपटान 30-36 महीने में किया जाएगा। इसलिए अब कोई विलंब नहीं होगा।' पंडित ने भारत के अपनी बौद्धिक संपदा स्थिति को मजबूत करने की जरूरत की भी बात कही।

पंडित ने कहा, 'हर साल पेटेंट के लिए आवेदन बढ़ रहे हैं। 2023-24 में हमें 90,300 पेटेंट के लिए आवेदन मिले। न केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बल्कि सुरक्षा पर भी पर्याप्त जोर है। पेटेंट के लिए आवेदन की उच्च संख्या शोध के क्षेत्र में भरोसे को बताता है...।'



■ बौद्धिक संपदा कार्यालय में कोई विलंब नहीं होगा

■ 30 महीने के भीतर 40 प्रतिशत आवेदनों का निपटारा

### छह मिनट में एक बौद्धिक संपदा सुरक्षा की मांग

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने पहले कहा था कि देश में हर छह मिनट में एक प्रौद्योगिकी बौद्धिक संपदा सुरक्षा की मांग कर रही है। 2023 में, अब तक के उच्चतम 90,300 पेटेंट आवेदन प्राप्त हुए। पेटेंट कार्यालय ने पिछले एक वर्ष (15 मार्च, 2023 से 14 मार्च, 2024) में एक लाख से अधिक पेटेंट प्रदान किये।

## एसीसी का मार्च तिमाही शुद्ध लाभ हुआ चार गुना...




**नई दिल्ली।** सीमेंट बनाने वाली कंपनी एसीसी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) में चार गुना होकर 945 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से बिक्री बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही में 236 करोड़ रुपये रहा था। एसीसी लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय मार्च तिमाही में बढ़कर 5,409 करोड़ रुपये हो गई, जो मार्च, 2023 तिमाही में 4,791 करोड़ रुपये थी। एसीसी लिमिटेड के सीईओ अजय कपूर ने कहा, 'हमारे ग्राहकों के विश्वास और दक्षता सुधार, हरित ऊर्जा आदि में निवेश के साथ एक स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता ने हमारी सफलता को आगे बढ़ाया है और हम पहले से भी अधिक मजबूत होकर उभरे हैं।'

# कीमतें बढ़ने के बावजूद अपना घर खरीदने की चाह बरकरार

■ उपभोक्ताओं की धारणा अभी भी सकारात्मक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



रियल एस्टेट पोर्टल मैजिकब्रिक्स ने एक रिपोर्ट में कहा है कि घरों की कीमतों में पिछले कुछ वर्षों में हुई वृद्धि के बावजूद उपभोक्ताओं की धारणा आवासीय बाजार को लेकर अब भी सकारात्मक बनी हुई है। मैजिकब्रिक्स ने बृहस्पतिवार को देश के 11 शहरों में 4,500 से अधिक ग्राहकों के बीच हुए एक सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक, मुद्रास्फीति के दबाव के बावजूद देश भर में आवासीय धारणा सूचकांक (एचएसआई) संभावित खरीदारों के भरोसे के साथ मजबूत बना हुआ है।

सर्वेक्षण में कुल सूचकांक 149 आंका गया है जो भारतीय आवासीय क्षेत्र के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

*24 से 35 आयु वर्ग वालों में सर्वाधिक दिलचस्पी : रिपोर्ट के मुताबिक, 24-35 आयु वर्ग के पेशेवरों ने घर खरीदने में सर्वाधिक दिलचस्पी दिखाई है। इसके अलावा 10-20 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले लोगों के बीच घर खरीदने को लेकर तीव्र इच्छा देखी गई है।*

# धर्मार्थ न्यास के पंजीकरण आवेदन की समयसीमा बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया गया था। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, /"ये फॉर्म जमा करने की तारीख को आगे बढ़ाने के अनुरोध पर विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नियत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। फॉर्म 10ए उन ट्रस्ट/संस्थाओं द्वारा दाखिल किया जाने वाला आवेदन पत्र है जो आयकर छूट के लिए खुद को पंजीकृत कराना चाहते हैं।




■ आवेदन 30 जून तक जमा किया जा सकता है

*फॉर्म 10 एबी में नया आवेदन जमा कर सकते हैं : फिर वह एक मौजूदा ट्रस्ट, संस्था या फंड के रूप में आकलन वर्ष 2022-23 के लिए पंजीकरण के लिए फॉर्म 10ए में 30 जून, 2024 तक आवेदन कर सकता है। सीबीडीटी ने कहा कि वे ट्रस्ट, संस्थान या फंड जिनके दोबारा पंजीकरण के आवेदन केवल देर से दाखिल करने या गलत 'सेक्शन कोड' के तहत दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे, वे 30 जून तक फॉर्म 10 एबी में नया आवेदन भी जमा कर सकते हैं।*

# इंडिगो चौड़े आकार के 30 विमान खरीदेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने चौड़े आकार के 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है। कंपनी के पास ऐसे ही 70 और विमानों को खरीदने का विकल्प होगा। लगभग 17 साल से सक्रिय इंडिगो में फिलहाल 350 पतले आकार के विमानों का परिचालन होता है। हालांकि, कंपनी ने दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर लिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर देकर वह चौड़े आकार वाले विमानों का परिचालन करने वाली कंपनियों में शामिल हो जाएगी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स इसे 'ऐतिहासिक क्षण' बताया। इन विमानों में रॉल्स रॉयस के ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन होता है। इनकी आपूर्ति 2027 की शुरुआत से होने की उम्मीद है।

इंडिगो की घरेलू एयरलाइन बाजार में 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है। कंपनी के पास एयरबस ए350 श्रेणी के 70 विमान और खरीदने के अधिकार हैं। वर्तमान में, एयर इंडिया ए350 संचालित करने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है।



*इंडिगो ने 500 एयरबस दिया है ऑर्डर : कंपनी ने पिछले साल जून में एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था। यह किसी एयरलाइन द्वारा एक बार में दिया गया सबसे बड़ा ऑर्डर था।*

■ कंपनी 17 साल से 350 पतले आकार के विमानों का उपयोग कर रही

## कंपनी पड़ोसी देशों व पश्चिम एशिया में बनाएगी पहुंच

# आईटीसी की विदेशों में और होटल खोलने की योजना

एजेंसी ⏭ कोलंबो

आईटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी का पड़ोसी देशों और पश्चिम एशिया सहित विदेशों में और होटल खोलने का लक्ष्य है।

आईटीसी होटल्स के विदेश में अपना पहला होटल आईटीसी रत्नदीपा का यहां उद्घाटन करने के बाद उन्होंने यह बात कही। आईटीसी होटल्स ने पिछले 24 महीने में 22 नये होटल खोले हैं। आतिथ्य क्षेत्र में विस्तार योजनाओं के तहत उसकी भारत में अगले पांच वर्षों में 70 और होटल खोलने की योजना है। होटल व्यवसाय के अलावा, कंपनी नए विदेशी बाजारों में एफएमसीजी (दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं) और अन्य क्षेत्रों में भी उपस्थिति बढ़ाने के अवसर तलाशेगी।

■ आईटीसी ने विदेश में पहला होटल कोलंबो में खोला

### 70 और होटल खोलने की योजना

चेयरमैन ने कहा कि यह अभी शानदार वृद्धि योजनाओं के साथ एक जीवंत अर्थव्यवस्था है और 'अगर हमें कोई मौका मिलता है तो हम निश्चित रूप से इसका फायदा उठाएंगे।' पुरी ने कहा कि कंपनी भविष्य में श्रीलंका में और अधिक स्थानों पर विस्तार करेगी। आतिथ्य क्षेत्र में आईटीसी की समग्र विस्तार योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'हमारी पांच वर्षों में 70 और होटल खोलने की योजना है।'



### मौका मिला तो फायदा उठाएंगे

पुरी ने कहा, 'अगर इसके अलावा कुछ दिलचस्प अवसर मिलते हैं तो हम इसके लिए तैयार हैं। हम निश्चित रूप से इसे आगे बढ़ाने में दिलचस्पी लेंगे।' यह पूछे जाने पर कि आईटीसी पश्चिम एशिया के होटल क्षेत्र को एक बाजार के रूप में कैसे देखती है। उन्होंने कहा, 'अगर हमें कोई मौका मिलता है तो हम निश्चित रूप से इसका फायदा उठाएंगे'।

### कंपनी की साख अब बाहर ले जा रहे हैं

पुरी ने यहां 352 कमरों वाली लक्जरी संपत्ति आईटीसी रत्नदीपा के उद्घाटन के बाद कहा, 'हम आने वाले अवसरों का फायदा उठाने को तैयार हैं। मुझे लगता है कि होटल क्षेत्र में हमारी साख मजबूत है जिसे हम अब भारत के बाहर भी ले जा सकते हैं। इस समय स्पष्ट रूप से ध्यान निकटवर्ती बाजारों पर है, चाहे वह आतिथ्य क्षेत्र के लिए हो या चाहे एफएमसीजी के लिए ...।'

### कंपनी का ध्यान निकटवर्ती बाजारों पर

नेपाल का उदाहरण देते हुए पुरी ने कहा, 'हमने अन्य व्यवसायों से शुरुआत की और अब (वहां) होटल क्षेत्र पर ध्यान दे रहे हैं। यहां (श्रीलंका में) हमने होटल क्षेत्र से शुरुआत की है...जैसे-जैसे हमें जगह का पता चलेगा और इसे समझेंगे...हम अन्य क्षेत्रों की भी संभावनाएं तलाशेंगे।'

# गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स को मिले 1000 करोड़ के ठेके

**नई दिल्ली।** गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स को वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली और बुनियादी ढांचा कारोबार के 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके मिले। कंपनी बयान के अनुसार, इन प्रत्येक ठेकों का मूल्य 100 करोड़ रुपये से 400 करोड़ रुपये के बीच था। गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख राघवेंद्र मिर्जी ने कहा, 'हम अपने हालिया ठेकों से खुश हैं, जिसने 400केवी से अधिक के खंड में हमारी उपस्थिति को और मजबूत किया है। इनमें पूरे भारत में एयर इंसुलेटेड स्विचगियर और गैस इंसुलेटेड स्विचगियर सबस्टेशन आदि के ठेके शामिल थे।

## चिंतन

# चुनाव आचार संहिता का पालन करें प्रत्याशी

जैसे-जैसे आम चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे नेताओं के बोल बिगड़ने लगे हैं। पहले चरण के प्रचार के दौरान नेता एक दूसरे दल पर प्रहार कर रहे थे, दूसरे चरण आते आते नेता नफरती बोल बोलने लगे हैं। आज जब देश में 13 राज्यों के 88 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान हो रहा है, केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी को अपने भाषणों में नफरती व विभाजनकारी शब्दों के इस्तेमाल के लिए नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, मोदी ने राजस्थान में व राहुल ने केरल में असंयमित भाषा का इस्तेमाल किया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 77 के तहत जारी किया है। चुनाव आयोग को मिली शिकायत में कहा गया है कि 'ये नेता धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।' भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा है। यूं तो अतीत में आम चुनाव के दौरान नेताओं ने अनेक बार अपने विरोधी दलों व नेताओं के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है, और उन पर चुनाव आयोग ने एक्शन भी लिया है। लेकिन चिंता की बात यह है कि चुनावों के दौरान नेता संयमित नहीं रहते हैं। आयोग के एक्शन का कोई फर्क नहीं पड़ता है। संसाधन बांटने की बात भी अतिश्योक्ति है और एक झटके में गरीबी खत्म होने की बात भी। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि करीब 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। गरीबी उन्मूलन एक सतत प्रक्रिया है, इसे एक झटके में खत्म नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान कांग्रेस नेता डा. मनमोहन सिंह ने भी कहा था कि उनकी सरकार के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। ऐसे में राहुल की ओर से एक झटके में गरीबी खत्म करने की बात कहना तार्किक नहीं है। अगर ऐसा है तो कांग्रेस का शासन करीब पांच दशक तक रहा है, फिर देश से गरीबी खत्म क्यों नहीं हुई? निर्वाचन आयोग का कहना है कि 'अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए, राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।' ऐसे में स्टार प्रचारकों में शामिल बड़े नेताओं को अपने भाषणों के दौरान नापतौल कर बोलना चाहिए। देश में लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं। इन्हें 1951 में बनाए गए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में परिभाषित किया गया है। इनमें एक हिस्सा चुनावी आचार संहिता का है। चुनाव के समय हर प्रत्याशी को इसका पालन करना होता है। किसी भी जगह आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर चुनाव आयोग एक्शन लेता है। चुनावों में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट आचरण, आपराधिक गतिविधि, विवादित व अमर्यादित भाषण देने वालों के खिलाफ ठोस एक्शन होना ही चाहिए। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत 1975 में इंदिरा गांधी पर, 2006 में सोनिया गांधी पर, 2014 में जयललिता पर, 2017 में नरोत्तम मिश्रा पर कड़ा एक्शन लिया गया था। नेताओं को चाहिए कि वे आचार संहिता का पालन करें और लोक प्रतिनिधित्व कानून का सम्मान करें।



आम चुनाव

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# मताधिकार का बढ़चढ़ कर करें प्रयोग

चुनाव प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है। चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डालना चाहिए।

पहले चरण का चुनाव 19 मई को हो चुका है, दूसरे चरण का चुनाव आज 26 मई को है। पहले चरण में आनुपातिक रूप से अपेक्षाकृत कम मतदान चिंता का विषय जरूर है, लेकिन दूसरे चरण में बढ़चढ़कर मतदान की उम्मीद है। चुनाव भारत के राजनीतिक प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो गया, अब 88 सीटों पर आज है। दूसरे चरण में 13 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं। उम्मीद है चुनाव पहले की तरह इस चरण में भी कमोबेस शांतिपूर्ण होंगे। दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी की है और शतप्रतिशत मतदान की अपील की है। यह प्रजातंत्र के लिए महत्वपूर्ण संकेत है कि राजनैतिक दलों की कड़ी नोकझोंक के बावजूद, भारतीय जनमानस ने अपने वोट के अधिकार का प्रयोग किया है। आरोप-प्रतिरोप तो चुनावों में लगाये ही जाते हैं! मुख्य रूप से चुनाव मुद्दों से हटकर, व्यक्ति विशेष पर आधारित हो रहे हैं। कांग्रेस, भाजपा, व अन्य दलों में आया-राम व गया-राम का सिलसिला चलता रहा। फ़िर वोटिंग मशीन की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 'बंपर वोटिंग' हुई। चुनावी अखाड़े में लड़ाई, मुख्य रूप से एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन की है। पहले फेज में नरेंद्र मोदी सरकार के 8 मंत्रियों की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव आयोग की डेटशीट के अनुसार, चुनाव 7 चरणों में होंगे जिसके नतीजे 4 जून, 2024 को आयेंगे। पहले चरण में पश्चिम बंगाल समेत कुछ स्थानों पर हिंसा की कुछ छुट-पुट घटनाएं सामने आईं। वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से, सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। पहले चरण के चुनाव के बाद जो फीडबैक मिला है, उससे साफ है कि देश की जनता पूरी गंभीरता व दृढ़ता के साथ प्रजातांत्रिक प्रणाली में विश्वास रखती है। कांग्रेस के 'नफ़रत या प्यार की दुकान', नारे समान रूप से प्रभावी होते नजर नहीं आए। पहले चरण में मणिपुर के कुछ जिलों से कुछ घटनाओं की सूचना को छोड़कर मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। ईवीएम को कुछ नुकसान पहुंचाने, कुछ आपराधिक धमकी देने या किसी द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने की कुछ रिपोर्टें भी मिली हैं। पश्चिम बंगाल में मतदाताओं में खूब जोश दिखा। उत्तर प्रदेश में आठों लोकसभा सीटों पर पहले चरण के लिए मतदान हुआ। असम में 60.70 %, बिहार में 39.73%, छत्तीसगढ़ में 58.14 %, मध्य प्रदेश में 53.40 % मतदान हुआ है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री



और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम पहले चरण की चारों सीट जीत रहे हैं। लोग बढ़ चढ़ कर वोट डाल रहे हैं। मौजूदा सरकार से लोग गुस्से में हैं। बिहार इस बार चौंकाने वाले परिणाम देगा। दावों की सच्चाई का पता चुनाव परिणाम आने के बाद लगेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त सीएसई, राजीव कुमार ने युवाओं से मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'आप आनंद महसूस करेंगे, ये मेरी गारंटी है'। पहले चरण के लिए मतदान केंद्रों में मॉक पोल की कार्रवाई की गई। अब दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। पहले चरण के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, कि वे इस मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें। एमएनएम प्रमुख, कमल हासन ने चेन्नई में अपना वोट डाला। नितिन गडकरी ने कहा, हमें मतदान करना चाहिए, यह हमारा मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी है। मैं 101% आश्वस्त हूं कि मैं अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगांर। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी वोट डाला। उत्तराखंड में एक नवविवाहित जोड़े ने आम चुनाव के लिए पौढ़ी गढ़वाल के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। उधम सिंह नगर में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मतदान किया। पुडुचेरी के लोकतंत्र में हर वोट कीमती और हर आवाज का महत्त्वपूर्ण है। इन सभी सीटों के मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं। पहली बार वोट देने जा रहे अपने युवा साथियों से मेरी यह विशेष अपील है कि वे भारी संख्या में मतदान करें। लोकतंत्र में हर वोट कीमती है और हर आवाज का महत्त्व है। आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि यह देखकर बहुत उत्साह है कि युवा मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतान्त्रिक प्रणाली में हिस्सा लिया। युवाओं के बीच बहुत सारी जागरूकता गतिविधियां की हैं ताकि अगर किसी भी तरह की उदासीनता हो, तो वे निराश न हों। इस बार हमारे युवा मतदाता न केवल अकेले आने वाले हैं, बल्कि उनसे अपील कई गई है कि वे देश के राजदूत बनें, हमारे प्रभावशाली व्यक्ति बनें- जितना संभव हो उतने दोस्तों, परिवार के सदस्यों को मतदान केंद्र पर लाएँ और उस उत्सव का आनंद लें। अपनी सरकार चुनने की ज़िम्मेदारी महसूस करें। हर नागरिक को चाहिए कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले चरण में वर्ष 2019 के पहले चरण के अनुपात में इस बार करीब चार फीसदी कम मतदान हुआ है, इसलिए चुनाव आयोग की कोशिश है कि दूसरे चरण और इआगे के चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़े। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी राज्य के 102 सीटों पर चुनाव हुए हैं। इस बार भी 13 राज्यों में होंगे, जिसमें मत प्रतिशत बढ़ना चाहिए। युवाओं को आगे आना चाहिए। सारांशाार्थ यह कहना उचित होगा कि, चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डाल कर अपने जन प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार प्राप्त है। यही भारत के संविधान का मुख्य सार है। इसलिए नागरिकों को अपने चुनने के अधिकार का उपयोग करना चाहिए।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति

उमेश चतुर्वेदी



# नक्सलवाद बन सकेगा मुद्दा

चुनावी माहौल में स्थानीय वोटरों के दिल को छूने और उनकी जिंदगी को बदलने वाले मुद्दों को उछालने में राजनीतिक दलों की कोई सानी नहीं है। नक्सली असर वाले छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गृहमंत्री अमित शाह ने सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं दी, बल्कि चुनावी मुद्दा भी बनाने की कोशिश की। चुनावी सभा में अमित शाह ने नक्सलियों से कहा कि या तो समर्पण कर दो या फिर गोली खाने को तैयार रहो। अमित शाह का यह बयान सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं, बल्कि नक्सल प्रभावित इलाके के वोटरों को बीजेपी के खिलाफ गोलबंद करने की कोशिश है। आमतौर पर सत्ताधारी दल के बयानों की काट विपक्षी दल खोज लेते हैं, लेकिन नक्सलवाद ऐसा मुद्दा है, जिस पर विपक्ष सत्ताधारी दल के बयान का आसानी से विरोध नहीं कर पाते।


केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सात राज्यों के पैंतीस जिले ऐसे हैं, जहां नक्सलियों का असर है। इन जिलों की करीब पचास लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन्हें नक्सल प्रभावित माना जाता है। इनमें से बिहार की चार सीटों के साथ ही मध्य प्रदेश के बालाघाट, छत्तीसढ़ के बस्तर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहले दौर में ही यानी 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। लेकिन अब भी झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कई ऐसी लोकसभा सीटें हैं, जहां वोटिंग होनी है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में अमित शाह का नक्सलियों से जुड़ा बयान एक तरह से इन इलाकों के वोटरों को लुभाने की कोशिश है। चूंकि पहले दौर के मतदान के ठीक पहले 16 अप्रैल को 29 नक्सली मारे गए थे। पहले दौर के मतदान के ठीक दो दिन बाद यानी 18 अप्रैल को भी छत्तीसगढ़ में दो नक्सली मारे गए। इन वजहों से केंद्र सरकार के पास इस मुद्दे पर कहने को बहुत कुछ है। हालांकि सोलह अप्रैल को हुए नक्सली मुठभेड़ के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दबे स्वर में मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे। जिसका राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विरोध किया। राज्य में इस बयान को सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने वाला बताया जाने लगा। मामला जब तूल पकड़ा तो कांग्रेस को बघेल के बयान पर सफाई देनी पड़ी। शायद यही वजह है कि बीजेपी नक्सलवाद के सफाये के अपने संकल्प के मुद्दे को नक्सल प्रभावित इलाकों में चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। उसे लगता है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस या उसके विरोधी दल आक्रामक जवाब नहीं दे पाएंगे।

नक्सली असर वाले झारखंड और ओडिशा में 13 मई से 2 जून के बीच चार चरणों में चुनाव होने हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में तेरह मई को ही वोटिंग होनी है। झारखंड में जहां 14 लोकसभा सीटें हैं, वहीं ओडिशा में 21 लोकसभा की सीटें आती हैं। आंध्र प्रदेश में जहां 25 लोकसभा सीटें हैं, वहीं तेलंगाना में 17 सीटें हैं। झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना में जहां बीजेपी अपने दम पर चुनावी मैदान में है, वहीं आंध्र प्रदेश में वह तेलुगू देशम पार्टी और जनसेना पार्टी के साथ चुनाव लड़ रही है। इस बार बीजेपी को ओडिशा और तेलंगाना से ज्यादा उम्मीदें हैं। वहीं इंडिया गठबंधन के दल बीजेपी को झारखंड और आंध्र में ही चुनौती दे रहे हैं। जबकि ओडिशा में उसका मुकाबला बीजद से है तो आंध्र प्रदेश में उसके सामने वाईएसआर कांग्रेस और कांग्रेस से अलग-अलग चुनौती है। चूंकि नक्सल प्रभावित राज्यों के 77 सीटों पर मतदान बाकी है, इसलिए बीजेपी नक्सलवाद को मुद्दा बना रही है। नक्सल प्रभावित राज्यों के चुनावी अभियान में नक्सलवाद के सफाए को वह बार-बार तूल दे रही है। झारखंड में भी जब प्रचार अभियान तेज होगा तो बीजेपी इस मुद्दे को तूल देगी। वह बताने की कोशिश करेगी कि कांग्रेस की अगुआई में चले शासन वाले दशक 2004-14 की तुलना में मोदी के शासन वाले 2014-23 के दशक में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसा में कमी आई है। इस दौरान नक्सली हिंसा में होने वाली मौतों की संख्या में 69 फीसद की कमी आई है। जो 6,035 से घटकर 1,868 हो गई है।

जहां तक झारखंड की बात है तो यहां के मौजूदा गठबंधन की ओर से अपने प्रचार अभियान में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाने पर जोर दे रहा है। रांची में हुई रैली में भी नक्सलवाद पर नियंत्रण को लेकर कोई बात नहीं हुई। यह सच है कि नक्सलवाद से मुकाबले में केंद्र सरकार की नीतियों और कार्रवाई की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन राज्य सरकार और राज्य के बलों के बिना स्थानीय मुकाबले संभव नहीं है। यह सच है कि नक्सली हिंसा पर प्रभावित इलाकों में काफी काबू पाया जा चुका है। 2023 में नक्सल प्रभावित राज्यों की सुरक्षा हालत की समीक्षा के बाद एक हाई पावर कमेटी बनाई गई थी। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को नक्सलवाद के सफाये का आदेश दिया था। माना जा रहा है कि केंद्रीय नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी हुई हैं। फलस्वरूप नक्सली हिंसा में कमी आई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित

दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## सटाका




## आज की पाती

### पुस्तकों का बढ़ता महत्त्व

23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 23 अप्रैल 1995 को यूनेस्को में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर के मुख्य लेखकों को सम्मान देना और जो लेखक दुनिया को अलविदा कह गए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देना भी है। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य लोगों की पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना और साक्षरता दर बढ़ाना भी है। इस दिवस के आयोजन में मुख्य तौर पर विभिन्न प्रकाशक, शिक्षक, लेखक और पुस्तकों से किसी न किसी रूप से जुड़े लोग शामिल होते हैं। आज इंटरनेट का जमाना है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्व है। खासतौर पर धर्म, संस्कृति और अन्य प्राचीन इतिहास की जानकारी जितनी हमें पुस्तकों से मिल सकती है, उतनी शायद इंटरनेट पर न प्राप्त हो पाए।

*– सचिन शर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### प्रभावित करने वाला विचार



कांग्रेस के घोषणा पत्र में सरकारी बोर्ड में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण का संकेत दिया गया है, जो अगर लागू होता है तो इसमें सशस्त्र बलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह देश की एकता-अखंडता को प्रभावित करने वाला विचार है। यह सही नहीं होगा।

**-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### सोना गिरवी रखा



रिजर्व बैंक के आंकड़े कहते हैं कि 31 मार्च 2024 तक देश के परिवारों ने अपना सोना गिरवी रखकर बैंकों से कुल 1 लाख करोड़ का कर्ज लिया है। ये आंकड़ा केवल बैंकों का है। साहूकारों से लिया कर्ज अलग है। चार में से एक परिवार कर्जदार है।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### सही नहीं



चुने गए मंत्री के लिए चली फाइल एलजी के पास जाने के बाद ऐसी चोरी क्यों हुई? ऐसा लग रहा है कि मेयर का चुनाव कराने के लिए कोई साजिश रच रहा है या फिर बीजेपी का मेयर बनाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

**-सौरभ भारद्वाज, आप नेता**

### जश्न मनाएं



एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे इस जादू को जीवन में लाने का सौभाग्य मिला है, मैं पुरानी यादों की यात्रा में आपके साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हूं। आइये मिलकर बॉलीवुड के शाश्वत युग का जश्न मनाएं।

**-शाहरुख खान, अभिनेता**

## करंट अफेयर

### वर्ष 2023 में 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को हुए मजबूर


वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा, जिसकी वजह विशेषतौर पर गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। खाद्य संकट वाले देशों की संख्या में भी वृद्धि हुई, जिनकी निगरानी की जा रही है। संरा के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 705,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। उन्होंने बताया कि 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत से यह संख्या अब तक सबसे ज्यादा है और 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 577,000 सिर्फ गाजा में हैं। वहीं दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं।



## ऑफ बीट

### अधिकांश मधुमक्खियां डंक मारने के बाद नहीं मरतीं

हम में से अधिकांश लोगों को कभी न कभी मधुमक्खी ने काटा होगा और हम जानते हैं कि यह कोई मजेदार अनुभव नहीं है। लेकिन शायद हमें यह सोचकर अफसोस या प्रतिशोध की भावना भी महसूस हुई होगी कि हमें डंक मारने वाली मधुमक्खी मर जाएगी। लेकिन दरअसल 99.96% मधुमक्खी प्रजातियों में ऐसा नहीं होता है। दुनिया में मधुमक्खी की लगभग 21,000 प्रजातियों में से केवल आठ प्रजातियाँ डंक मारने के बाद मर जाती हैं। एक अन्य उपसमूह बिल्कुल भी डंक नहीं मार सकता है, और अधिकांश मधुमक्खियाँ जितनी बार चाहें उतनी बार डंक मार सकती हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती है। मधुमक्खियों की पेचीदगियों और उनके डंक मारने की क्षमता को समझने के लिए, हमें डंक के आकार, मधुमक्खी के जननांगों और रवैये के बारे में बात करनी होगी। हमारी प्यारी और घातक मधुमक्खियाँ बहुत मुमकिन है कि आपको यूरोपीय मधुमक्खी (एपिस मेलिफ़ेरा) द्वारा काटे जाने की याद हो। यूरोप और अफ्रीका की मूल निवासी ये मधुमक्खियाँ आज दुनिया में लगभग हर जगह पाई जाती हैं। ये दुनिया भर में आठ शहद मधुमक्खी प्रजातियों में से एक हैं, जिसमें एपिस मधुमक्खियां कुल मधुमक्खी प्रजातियों का केवल 0.04% का प्रतिनिधित्व करती हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बाढ़ की चपेट में आने की वजह से लाखों लोग हुए प्रभावित

# केन्या में बाढ़ ने मचाई तबाही, हर तरफ पानी ही पानी, 38 की मौत

केन्या में मार्च से शुरू हुई बारिश जून तक चलेगा सिलसिला

राजधानी नैरोबी में बाढ़ की वजह से कई सड़कें बंद हो गई



तकरीबन आधा केन्या इस वक्त बाढ़ की चपेट में आ गया

सड़कों, गलियों से लेकर घरों तक में भर गया बाढ़ का पानी

एजेंसी ▶▶ नैरोबी

केन्या में भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। भारी बारिश के चलते देश के कई हिस्से भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए है। बाढ़ की वजह से हालात बेकाबू हो गए हैं और अब तक 38 लोगों की मौत हो चुकी है। कहना गलत नहीं होगा कि तकरीबन आधा केन्या इस वक्त बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ की वजह से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। सड़कों, गलियों और लोगों के घरों तक में पानी भर गया है। जगह-जगह रास्ते में वाहन पानी में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और लोगों तक राहत भी नहीं पहुंच पा रही है।

## राहत मिलने के आसार नहीं

नैरोबी के दो प्रमुख राजमार्गों के कुछ हिस्से बाढ़ के पानी की वजह से डूब गए हैं। केन्या शहरी सड़क प्राधिकरण ने भी चार सड़कों को बाढ़ की वजह से बंद कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि मौसम विज्ञानियों ने जून के महीने तक बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। केन्या में मार्च के महीने से बारिश हो रही है। लेकिन हाल के दिनों में भारी बारिश ने तबाही मचा दी है।



### ऊंचे स्थानों पर रुकने की सलाह

बारिश के बाद निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। आंतरिक और राष्ट्रीय प्रशासन के कैबिनेट सचिव किंडिकी किथुरे ने पूर्वी क्षेत्र में मसिंगा और मध्य क्षेत्र में थिबा सहित बांधों के पास रहने वाले निवासियों को आगाह किया है। उन्होंने बांध के पास रहने वाले लोगों को वहां सेकही और भेजने के निर्देश जारी किए हैं। किथुर ने कहा कि बारिश की वजह से हालात बिगड़ रहे हैं और बाढ़ की वजह और अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

### नैरोबी में मुश्किल हालात

केन्या की राजधानी नैरोबी में बाढ़ की वजह से कई सड़कें बंद हो गई हैं और तमाम इलाकों में पानी भर गया है। नैरोबी में हालात काफी मुश्किल हो गए हैं, हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। राहत और बचाव के कार्य में सरकार सभी संसाधनों का उपयोग कर रही है लेकिन हालात बेकाबू हैं। केन्या रेड क्रॉस सोसाइटी ने कहा कि उसने 18 लोगों को मथारे में बचाया है। ये लोग नैरोबी में हुई भारी बारिश की वजह से वहां फंस गए थे। देश के अन्य हिस्सों में भी लोगों की जान बचाने की कोशिश की जा रही है।

---

## खबर संक्षेप

### गर्लफ्रेंड का बर्गर खाया तो दोस्त को मार दी गोली



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बर्गर दो दोस्तों के बीच खूनी संघर्ष की वजह बन गया। बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि एक दोस्त ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। कराची में 8 फरवरी यह घटना हुई। जब एक दोस्त ने अपने दोस्त को सिर्फ इसलिए मार डाला कि उसने उसकी प्रेमिका का बर्गर खा लिया था। यह मामला डिफेंस एरिया पेश आया है। दोनों के बीच झगड़ा तब शुरू हुआ सत्र न्यायाधीश के बेटे अली कीरियो अपने दोस्त दानियाल के घर पहुंचा था।

### फायरिंग केसः आरोपियों ने 3 बार बदले कपड़े



**मुंबई।** फिल्म एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में बड़ा अपडेट आया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों सागर पाल और विकी गुप्ता को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों की 29 अप्रैल तक की पुलिस रिमांड की दे दी है। क्राइम ब्रांच ने कोर्ट में कहा कि वारदात को अंजाम देने दोनों आरोपियों ने अपने कपडे 3 बार बदले थे और अपना हुलिया भी बदलने की कोशिश की ताकि वो पहचान में न आ सके। दोनों आरोपियों के पास कुल 40 गोलिया थीं।

### अमेरिकाः सुअर की किडनी लगाकर बचाई जान



**न्यूयॉर्क।** अपनी आखिरी सांसें गिन रही महिला को फिर से जीवनदान दे दिया। इस महिला को चिकित्सकों ने सुअर की किडनी लगाकर जान बचा ली। यह महिला किडनी रोग से ग्रस्त थी। महिला की दोनों किडनी ने काम करना बंद कर दिया था। कोई दूसरी किडनी उसके लिए उपलब्ध नहीं थी। मरीज की सांसें उखड़ने ही वाली थीं।

---

तुरंत हरकत में आया विदेश मंत्रालय

## भारत के खिलाफ जहर उगलने पर अमेरिका की लगाई क्लास



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर सहित भारत के अन्य हिस्सों में मानवाधिकार उल्लंघन की कथित घटनाओं का हवाला देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। भारत की तरफ से भी इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया आई। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण करार देते हुए कहा गया कि यह भारत की खराब समझ को दर्शाती है और हम इसे कोई महत्व नहीं देते हैं।

अमेरिका सरकार की इस रिपोर्ट में जातीय संघर्ष के फैलने के बाद मणिपुर में मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं पर प्रकाश डाला गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने इसपर कहा कि यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत की खराब समझ को दर्शाती है।

उन्होंने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हम इसे कोई महत्व नहीं देते हैं। रिपोर्ट में एक वेबसाइट के कार्यालय पर भारतीय इनकम टैक्स विभाग द्वारा की गई छापेमारी का भी जिक्र किया गया है।

### रिपोर्ट में भारत सरकार की आलोचना

रिपोर्ट के भारत खंड में स्थानीय मानवाधिकार संगठनों, अल्पसंख्यक राजनीतिक दलों और प्रभावित समुदायों ने मणिपुर में हिंसा को रोकने और मानवीय सहायता प्रदान करने में देरी के लिए देश की सरकार की आलोचना की। एक बेवसाइट के कार्यालयों पर कर छापे का जिक्र करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इनकम टैक्स अधिकारियों की जांच अनियमितताओं से प्रेरित थी। अधिकारियों ने उन पत्रकारों की भी तलाशी ली और उनके उपकरण जब्त किए जो संगठन की वित्तीय प्रक्रियाओं में शामिल नहीं थे।

### 2002 के गुजरात दंगों पर एक डॉक्यूमेंट्री का जिक्र

2002 के गुजरात दंगों पर एक डॉक्यूमेंट्री का जिक्र करते हुए अमेरिका के विदेश विभाग ने आरोप लगाया कि सरकार ने डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था। मीडिया कंपनियों को वीडियो के लिंक हटाने के लिए मजबूर किया और देखने वाली पार्टियों का आयोजन करने वाले छात्र प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

---

कारोबारियों ने पीएम शहबाज पर बनाया व्यापार बहाल करने का दबाव

# पाक झुकाः भारत से वार्ता करने नई दिल्ली की ओर बढ़ाया कदम

पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने पीएम शहबाज से व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की भी सराहना की।

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।



कारोबारियों ने पीएम शहबाज से की मुलाकात

कारोबारियों ने कहा, इससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा

कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने पीएम के दृढ़ संकल्प की सराहना की

**राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान देने व्यापारियों ने पीएम से रखी अपनी बात**

### व्यापारिक समुदाय ने दिए कई सुझाव

प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं।

### अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ

उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआइ नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

### देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद आमंत्रित करेंगे

बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते।

### डोभाल की दो टूक...आतंकवाद को रोकने देंगे रूस का साथ



**मास्को।** भारत ने आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए रूस का हर परिस्थिति में साथ देने का ऐलान किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए रूस का सहयोग करना जारी रखेगा। आतंकवाद के खिलाफ दो टूक बोलते हुए एनएसए डोभाल ने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के वास्ते अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया।

---

टोही विमान रिमोट से होते हैं ऑपरेट

## बाड़मेर में वायुसेना का जासूसी विमान क्रैश, जलकर हुआ राख

एजेंसी ▶▶ बाड़मेर

भारतीय वायु सेना का एक जासूसी विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले से 30 किमी दूर के रोजानियों की ढाणी जजिया गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, जनहानि की जानकारी सामने नहीं आई है। वायु सेवा के टोही विमान में कोई पायलट मौजूद नहीं होते हैं और इसे रिमोट के द्वारा ऑपरेट किया जाता है। सीमावर्ती इलाके में जासूसी गतिविधियों के ऊपर निगरानी रखने के लिए इस विमान को काम में लाया जाता है। जैसलमेर के पिथला गांव के पास तेज धमाके के साथ में यह प्लेन क्रैश हुआ है।



### 1993 से लेकर अब तक कई बड़े विमान हादसे

अप्रैल 1993 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 491 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। ये रनवे पर खड़े ट्रक से टकरा गया था। 1996 में हरियाणा के चखरी दादरी क्षेत्र के ऊपर दो विमान आपस में टकरा गए। इसमें 349 लोगों की जान चली गई। जुलाई 2000 में एलाइंस एयरलाइंस का प्लेन पायलट के नियंत्रण खो जाने के बाद दुर्घटना का शिकार हुआ था। मई 2010 में मंगलौर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 158 लोग मारे गए। और भी कई विमान हादसे हुए।

---

आरईसी कश्मीर के किश्तवाड़ में

## किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 1,869 करोड़ का लोन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी और अग्रणी एनबीएफसी-आरईसी लिमिटेड ने चिनाब घाटी विद्युत परियोजना प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता हुआ है। आरईसी लिमिटेड किश्तवाड़ में किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 1,869 करोड़ का लोन देगी।

### चिनाब नदी पर बनेगी विद्युत

*इस ऋण का उपयोग जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर ग्रीनफील्ड 4 गुणा 156 मेगावाट किरू जल विद्युत परियोजना के विकास, निर्माण, परिचालन के लिए किया जाएगा। 624 मेगावाट क्षमता की किरू जलविद्युत परियोजना एक रन-ऑफ-रिवर योजना है। इसमें 135 मीटर ऊंचाई के बांध और 156 मेगावाट की 4 इकाइयां बनेंगी।*

---

भारत ने छत पर सौर ऊर्जा पहल का किया जिक्र

## विश्व ऊर्जा सम्मेलनः नवीकरणीय क्षमता को 3 गुना करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ रॉटरडैम

नीदरलैंड के रॉटरडैम में विश्व ऊर्जा सम्मेलन के 26 वें संस्करण का आयोजन किया गया। गोलमेज सम्मेलन में दुबई में हुए सीओपी28 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के महत्वपूर्ण रूप से अत्यंत प्रभावी रहने वाले संदर्भों पर चर्चा की गई। गोलमेज बैठक में नीदरलैंड के उप-प्रधानमंत्री और जलवायु एवं ऊर्जा नीति मंत्री रॉब जेट्टेन और भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय में सचिव पंकज अग्रवाल और विभिन्न देशों और संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



### ग्रीन हाइड्रोजन पर जोर

*सचिव ने कहा कि दीर्घकालिक जीवन शैली का समर्थन करने के लिए भारत के मिशन लाईफ की सराहना की गई है। उन्होंने कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज और हरित हाइड्रोजन पर बल देने के साथ कार्बन तटस्थता की दिशा में परिवर्तन लाने की सीओपी28 की मान्यता के संदर्भ में भी चर्चा की।*

---

लोकसभा चुनाव कवर नहीं करने देने का आरोप निकला झूठा

## भारत को लेकर झूठ बोल रही थी विदेशी पत्रकार, खुली पोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया टुडे की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी डायस ने नई नौकरी और शादी की वजह से भारत दौरे से जल्दी चली आई थीं। एक ऑस्ट्रेलियन वेबसाइट ने साफ कहा है कि अवनी ने भारत से वापस जाने का फैसला किसी राजनीतिक दबाव में नहीं लिया। श्रीलंकाई मूल की अवनी डायस एबीसी के लिए एक विदेशी संवाददाता के रूप में काम करती हैं। अवनी ने इस महीने 20 तारीख को भारत छोड़ दिया था। अवनी ने इसके बाद आरोप लगाया था कि भारत सरकार उन्हें चुनाव कवरेज करने की इजाजत नहीं दे रही। भारत सरकार ने अवनी के इन आरोपों का खंडन किया था। अब एक रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि की गई है कि सरकार पर लगाए गए आरोप झूठे थे।

ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी डायस ने बीते दिनों ये दावा कर हंगामा मचा दिया था कि उन्हें भारत में लोकसभा चुनाव कवर नहीं करने दिया गया।

### राम मंदिर रिपोर्ट की आलोचना

अवनी ने राम मंदिर पर एक रिपोर्ट लिखी, जिसकी बहुत आलोचना हुई। खासतौर से भारतीय ऑस्ट्रेलियाई प्रवासियों ने तथ्यात्मक अशुद्धियों के लिए इस रिपोर्ट की आलोचना की। जनवरी 2022 में नई दिल्ली में दक्षिण एशिया ब्यूरो में शामिल होने के बाद से अवनी डायस के पास विदेशी पत्रकारों को दिया जाने वाला जे1 वीजा था। राम मंदिर पर विवादित रिपोर्ट लिखने के बाद भी भारत सरकार ने 2023 में पहला विस्तार दिया था। अवनी ने 18 अप्रैल को वीजा फीस भरी थी, वीजा जून के अंत तक के लिए बढ़ा दिया गया था।

### ...खुद बढ़ाया विवाद

इसके बाद अवनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें अचानक भारत छोड़ना पड़ा। उनका यह भी दावा है कि मोदी सरकार ने उनसे कहा था कि उनके वीजा विस्तार को अस्वीकार कर दिया जाएगा। दिल्ली स्थित भारतीय अधिकारी ने स्पष्ट रूप से इस बात से इनकार किया कि विदेश मंत्रालय के किसी अधिकारी ने अवनी डायस को फोन किया था और उसे बताया था कि उसने सीमा पार कर ली है।

### अवनी ने कर ली शादी

हालांकि, बताया गया कि वह भारत में एक नए संवाददाता की व्यवस्था करने के बाद ही अवनी को वहां से रिलीव कर पाएंगे। 28 सितंबर को अवनी के स्थान पर नई दिल्ली संवाददाता के तौर पर मेघना बाली को नियुक्त किया गया। अक्टूबर 2023 से जनवरी 2024 तक अवनी ज्यादर छुट्टियों पर ही रहीं। इस बीच अवनी ने दिसंबर 2023 में श्रीलंकाई रीति रिवाज से शादी की। इसके बाद अवनी ने मालदीव में ही हनीमून मनाया।

---

1000 साल पुरानी 300 एकड़ प्रॉपर्टी में होंगे आयोजन

## मुकेश अंबानी की बड़ी तैयारी, बेटे अनंत की शादी के लिए चले लंदन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी! पिछले दो-तीन महीने से हर जगह इस शादी की चर्चा है। शादी से पहले प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन देशभर की सुर्खियों में रहा। मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी 12 जुलाई 2024 को शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अंबानी परिवार की इस शादी के फंक्शन लंदन में 300-एकड़ बड़ी एक प्रॉपर्टी में आयोजित किए जाएंगे। इस शादी में अंबानी परिवार के करीबी और बॉलीवुड के कुछ सितारों के लिए इनवाइट भी भेजे जाने शुरू हो गए हैं। 1 से 3 मार्च के बीच गुजरात के जामनगर में देश-दुनिया के सेलिब्रिटीज का मजमा लगा। तीन दिन चली इस बेहद महंगी और खर्चीली सेरेमनी में फेसबुक, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ, बॉलीवुड के बड़े सितारे और पॉप्युलर क्रिकेटर शामिल हुए थे।



### शादी में नहीं रखना चाहते कोई कमी

अब जबकि अनंत और राधिका की शादी में करीब दो महीने का समय रह गया है। चर्चा है कि देश की सबसे महंगी शादी में कितना खर्च होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बेटे की प्री-वेडिंग सेरेमनी में ही 1200 करोड़ खर्च कर दिए थे। बता दें कि यह खर्चा बेटी ईशा अंबानी की शादी में खर्च हुए 828 करोड़ रुपए से कहीं ज्यादा है। निश्चित तौर पर देशभर की निगाहें इस महंगी शादी पर हैं और अनुमान है कि अंबानी परिवार के सबसे छोटे बेटे की शादी में कोई कसर नहीं रखी जाएगी और पैसा पानी की तरह बहेगा। राधिका मर्चेंट इनक्रो हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी हैं। उनकी मां शैला मर्चेंट हैं। वीरेन मर्चेंट की नेट वर्थ करीब 70 करोड़ रुपए है। राधिका ने 2017 में न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में बैचलर्स डिग्री हासिल की। इनक्रो हेल्थकेयर में राधिका एक डायरेक्टर भी हैं।






> लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के स्टार प्रचारकों का लगातार दौरा हो रहा है। भाजपा प्रचार में बहुत हावी है। भाजपा नेता पिछले एक माह से ज्यादा समय से किराए के दो उड़नखटोलों के साथ एक विशेष विमान का उपयोग कर रहे हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस के पास अब तीसरे चरण के चुनाव के लिए एक हेलीकॉप्टर आया है। यह अब चुनाव प्रचार थमने तक रहेगा और प्रदेश के नेता इसका उपयोग करेंगे।

# लोकसभा चुनाव में उड़नखटोला, भाजपा के पास दो, कांग्रेस को तीसरे चरण के लिए मिला एक

**भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी प्रचार में ताकत, लगातार राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में हो रहा है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हुआ। इसके बाद अब दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल को हो रहा है, इसके बाद अंतिम चरण का मतदान 7 मई को होगा। तीनों चरणों के चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने प्रदेश की 11 सीटों पर चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी है। कोई भी प्रचार में पीछे नहीं रहना चाहता है।

**भाजपा के पास संसाधन ज्यादा**

जहां तक संसाधनों की बात करें तो भाजपा के पास संसाधनों की कमी नहीं है। भाजपा ने बीते एक माह से ज्यादा समय से किराए के दो हेलीकॉप्टर और एक विशेष विमान लेकर रखा है। इनका लगातार उपयोग भी हो रहा है। भाजपा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभी 90 विधानसभाओं में सभाएं तय की हैं। उनकी लगातार सभाएं हो रही हैं। इसमें वे हेलीकॉप्टर से ही जा रहे हैं। भाजपा के अन्य नेता भी हेलीकॉप्टर का उपयोग कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के यहां पर आने पर होने वाली सभाओं की तैयारी के लिए भी प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी उड़नखटोले से उड़ान भर रहे हैं।



## कांग्रेस ने मंगाया एक हेलीकॉप्टर

*कांग्रेस ने अब तीसरे चरण के चुनाव के लिए एक हेलीकॉप्टर मंगाया है। यह हेलीकॉप्टर भी एआईसीसी से मिला है। इसके पहले अब तक के चुनाव प्रचार में महज दो बार ही हेलीकॉप्टर का उपयोग किया गया था। एक बार राहुल गांधी और एक बार प्रियंका गांधी की सभा के लिए ही एआईसीसी से हेलीकॉप्टर आया था। लेकिन अब तीसरे चरण के चुनाव में एक हेलीकॉप्टर लगातार रहेगा। इस हेलीकॉप्टर का उपयोग प्रदेश के नेता सभाओं के लिए करेंगे।*

### डेढ़ से दो लाख रुपए किराया

*हेलीकॉप्टर का किराया एक घंटे का डेढ़ से दो लाख रुपए तक है। हेलीकॉप्टर का यह किराया तब लागू होता है जब हेलीकॉप्टर उड़ान भरता है। अन्यथा उसका कोई किराया नहीं लगता है। जब कोई नेता किसी सभा के लिए इसका उपयोग करते हैं तब हेलीकॉप्टर के हवा में रहने वाले समय के हिसाब से किराया लिया जाता है। विशेष विमान का किराया ज्यादा है।*

## आमने/सामने

### कई भाजपा नेता बोले हैं संविधान बदलना चाहते हैं: चंदन यादव



कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी डॉ. चंदन यादव ने कहा, संविधान को बदलने का काम भाजपा करती है। भाजपा के कई बड़े नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा, वो संविधान बदलना चाहते है। जब जनता को बात समझ आ गई तब भारतीय जनता पार्टी के नेता सफाई दे रहे हैं, लेकिन वह सफाई सच्चाई से परे है। भाजपा ने पहली बार ऐसा नहीं किया है, जब पहली बार एनडीए की सरकार बनी थी तब बाजपेयी की सरकार ने कॉन्स्टिट्यूशन रिव्यू कमेटी बनाई थी।

### संविधान को लेकर कांग्रेस भ्रम फैलाने का कर रही है काम: शिवरतन



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, देश में आपातकाल लगाने वाले और संविधान में करीब 80 बार संशोधन करने वाली कांग्रेस को अब संविधान को लेकर चिंता हो रही है। अब भारतीय जनता पार्टी पर संविधान बदल देने का आरोप लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि संविधान बदलने की बात गलत है। कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

## पंजाब की सियासत का है अलहदा मिजाज

# गुरुओं की धरती की अलग ठसक कभी नहीं हुआ है क्लीन स्वीप

*पंजाब में अब तक जितने भी लोकसभा चुनाव हुए हैं, उसमें पार्टी बहुमत हासिल करने में तो कामयाब रही है, लेकिन आज तक कोई भी पार्टी क्लीन स्वीप में नहीं कर पाई है। पंजाब से 1966 में अलग होने के बाद हरियाणा को अलग राज्य का दर्जा दिया गया, जिसके बाद शुरुआती दौर में पंजाब की राजनीति में दो पार्टियों के बीच अहम टक्कर रही।*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

1967 के बाद 2019 तक प्रदेश में 14 लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस दो बार 12 सीटों में जीत दर्ज करने में सफल रही, लेकिन 13 का आंकड़ा नहीं छू पाई। इसी तरह अगर शिरोमणि अकाली दल की बात की जाए, तो वह भी तीन बार अधिकतम आठ सीटों पर जीत दर्ज कर पाई। 1989 के चुनाव में शिरोमणि अकाली दल अमृतसर ने छह सीटें जीतकर सभी को हैरान कर दिया था। इसी तरह वर्ष 2014 में आम आदमी पार्टी की एंट्री ने भी सियासी माहिरों को 13 में से 4 सीटों पर जीत दर्ज करके चौंका दिया था।

### 1991 में कांग्रेस ने जीती थी 12 सीटें

बता दें कि 1991 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 13 में से 12 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रही थी और इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के हिस्से एक सीट आई थी। इसी तरह अगर 1967 लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो इस चुनाव में अधिकतम नौ सीटें जीतकर कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। कांग्रेस का वोट शेयर इस चुनाव में 37.3 प्रतिशत रहा था, जबकि एडीएस ने तीन और बीजेएस ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी।

**1966 में हरियाणा के अलग होने के बाद पंजाब की सियासत में आया बदलाव**



### 2019 में भी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी कांग्रेस

इसके अलावा वर्ष 2019 चुनाव में भी कांग्रेस ने आठ सीटें जीतकर पंजाब में सबसे बड़ी पार्टी बनने का दर्जा हासिल किया था। उस समय विधानसभा में भी उनकी सरकार थी, लेकिन इस बार चुनाव में परस्थितियां अलग हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है।

### शिअद ने तीन बार आठ सीटें जीत लगाई हैट्रिक

*शिअद ने तीन लोकसभा चुनाव में आठ सीटें जीतकर हैट्रिक लगाई है। पंजाब के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बाद अधिकतम सीटें जीतने का रिकॉर्ड शिअद के ही नाम है। कांग्रेस के लगातार दबदबे के बाद वर्ष 1996 के चुनाव में शिअद ने जबरदस्त वापसी की थी। इस चुनाव में 28.7 वोट शेयर के साथ पार्टी ने आठ सीटें जीती थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी ने तीन और कांग्रेस के हाथ इस चुनाव में दो सीटें आई थीं। इस चुनाव में हरिंदर सिंह खालसा ने 92,229 मतों के अंतर से सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। पार्टी ने अपनी यही परफॉरमेंस 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में भी जारी रखी। 2004 में शिअद ने आठ, भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने दो सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में सबसे बड़ी जीत सुखबीर बादल के नाम रही थी। उन्होंने शिअद से फरीदकोट सीट पर 1,35,279 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी।*

### शिअद अमृतसर व आप ने भी सभी को चौंकाया

लोकसभा चुनाव में शिअद अमृतसर और आप ने भी अपनी नतीजों से सभी चौंका दिया था। शिअद मान ने वर्ष 1989 के चुनावों में छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। अब तक की सभी बड़ी जीत का नाम भी शिअद मान से सिमरनजीत सिंह मान के नाम है। उन्होंने तरनतारन सीट 4,80,417 मतों के अंतर से जीती थी। इसी तरह उनके बाकी उम्मीदवार भी एक लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतकर संसद पहुंचे थे। इसी तरह आप की 2014 में एंट्री भी दिलचस्प रही थी। आप ने चार सीटों पर जीत दर्ज की थी। संगरूर सीट से आप से चुनाव लड़ते हुए भगवंत मान ने सबसे अधिक 2,11,721 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। पंजाब की राजनीति राष्ट्रीय राजनीति से अलग है। प्रदेश के मुद्दे आज भी वही हैं, जो 15 से 20 से पहले थे और इनका समाधान अभी भी सही रूप से नहीं हो पाया है। चाहे किसानों व मजदूर वर्ग से जुड़ा मुद्दा हो या फिर बेरोजगारी का हो, आज भी इन मुद्दों को सही रूप से नहीं छुआ गया है। ये भी एक कारण है कि पंजाब में विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव, यहां चौंकाने वाले नतीजे ही सामने आते हैं। - प्रोफेसर मंजीत सिंह, राजनीतिक विशेषज्ञ।

## अमेठी से राहुल, रायबरेली से प्रियंका लड़ेंगी चुनाव!

**1 मई को कर सकते हैं नामांकन दाखिल**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं, वे एक मई को नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि अब राहुल ने मन बना लिया है। इसके ऊपर कहा जा रहा है कि रायबरेली से भी प्रियंका गांधी मैदान में उतर सकती हैं। जानकारी के लिए बता दें कि दोनों अमेठी और रायबरेली में 26 अप्रैल से नामांकन दाखिल होना शुरू हो जाएगा। ऐसी खबर है कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद दोनो नेता अपनी-अपनी सीट से नामांकन भर सकते हैं। अगर ऐसा हो जाता है तो ये अपने आप में चुनाव की सबसे बड़ी खबर होगी क्योंकि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए यही दो सीटें जरूरी है। कांग्रेस के लिए अभी तक अमेठी और रायबरेली ही बड़ी सिरदर्दी बनी हुई थी, यहां से किसी भी प्रत्याशी का नाम तय नहीं हो पा रहा था। कांग्रेस पूरी कोशिश कर रही थी कि राहुल और प्रियंका को मनाया जाए, अब लगता है कि बात बन चुकी है। दोनों नेता सबसे बड़े रण में चुनावी मैदान में संघर्ष करते दिखने वाले हैं। अमेठी से तो पिछली बार राहुल गांधी चुनाव हार गए थे, उन्हें स्मृति ईरानी ने पराजित कर दिया था।

## 'सूरत तो बस झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है'

### आप सांसद संजय सिंह ने कहा



**नई दिल्ली।** आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि केंद्र शासित भाजपा सरकार देश में लोकतंत्र खत्म करना चाहती है, चुनाव प्रक्रिया हमेशा के लिए बंद करना चाहती है। आप मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर संजय सिंह ने कहा कि इस कड़ी में ताजा उदाहरण सूरत का है, जहां कांग्रेस सहित अन्य सभी उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इससे पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी यही हुआ। इतना ही नहीं, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश व महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में भी भाजपा शासित केंद्र सरकार ने बिना मतदान करवाए सरकार बदल दी। उन्होंने कहा कि अगर इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 से अधिक सीटें मिल गईं तो ये लोग संविधान बदलकर चुनाव की परंपरा ही खत्म कर देंगे। संजय सिंह आगे बोले, न फिर आरक्षण रहेगा और न किसानों और गरीबों के हक की बात। इसलिए जनता सावधान रहे और सोच समझकर ही मतदान करे।

**मुरैना की चुनावी सभा में बोले पीएम मोदी**

## 'बीजेपी के लिए देश और कांग्रेस के लिए परिवार ही सबकुछ'

एजेंसी ▶▶| मुरैना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के मुरैना में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए देश से बड़ा और कुछ नहीं है जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सबकुछ है। पीएम ने कहा कि मुरैना ने हमेशा उन्हीं का साथ दिया है, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है। आप सबका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज भी न अपने संकल्प से डिगा है और न ही कभी डिगेगा। इस दौरान उन्होंने विरासत टैक्स का जिक्र करते हुए कहा कि, कांग्रेस के जब खुद के परिवार की संपत्ति पर आंच आई तो इन्होंने लॉ ही बदल दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने देश की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और उनके बेटे पीएम रहे राजीव गांधी का किस्सा मंच से सुनाया।

### कांग्रेस ने बदला कानून

पीएम मोदी ने कहा कि, 'देश की प्रधानमंत्री बहन इंदिरा जी नहीं रहीं, तो उनकी जो प्रापर्टी थी, वो उनकी संतानों को मिलनी थीं। तब चर्चा थी, उनके बेटे राजीव गांधी ने उस पैसे को बचाने के लिए क्या किया, उस संपत्ति को बचाने के लिए तब के पीएम राजीव गांधी ने अपनी संपत्ति बचाने के लिए पहले जो संपत्ति कानून था, उसे समाप्त किया और खुद के पैसे बचा लिए। खुद पर आई तो वहां कानून हटा दिए। आज वही लोग फिर से सत्ता में आने के लिए उसी कानून को दोबारा कड़े तरीके से वापस लाने की बात कर रहे हैं। वह आपकी संपत्ति लूट लेना चाहते हैं, इसीलिए तो कहते हैं कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।'

**मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखी पीएम मोदी को चिट्ठी**

## 'कांग्रेस को वंचित-गरीबों की चिंता, जबकि भाजपा को नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी के जरिए व्यक्तिगत तौर पर अपनी पार्टी के न्याय पत्र को समझाने के लिए समय मांगा है। दो पन्ने की चिट्ठी में खड़गे ने लिखा कि इन दिनों प्रधानमंत्री के भाषण से वह न तो चौंके और न ही उन्हें आश्चर्य हुआ। अपनी चिट्ठी में खड़गे ने कहा, "पिछले कुछ दिनों में आपके भाषणों से न तो मैं चौंका और न ही मुझे आश्चर्य हुआ। चुनाल के पहले चरण में भाजपा की स्थिति को देखते हुए आप और आपकी पार्टी के नेता ऐसा कहेंगे, इसका अंदाजा था। कांग्रेस हमेशा से ही वंचित गरीबों और उनके अधिकारों की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है।"

### भाजपा सूट-बूट की सरकार


खड़गे ने आगे कहा, "कांग्रेस वंचित गरीबों को उनका अधिकार दिलाने की कोशिश कर रही है। आपकी सूट बूट की सरकार केवल कॉरपोरेट के लिए काम करती है, जिनका आपने टैक्स कम किया है। जबकि वेतनभोगी व्यक्ति को अधिक कर चुकाना पड़ता है। गरीबों को खाना और नमक के लिए भी जीएसटी का भुगतान करना पड़ता है, जबकि कॉरपोरेट वालों को जीएसटी रिफंड की सुविधा मिलती है। इसलिए जब भी हम अमीर और गरीब के बीच असमानता की बात करते हैं, आप इसे हिंदू-मुस्लिम के साथ जोड़ देते हैं।

**दुनिया का अब तक का सबसे महंगा इलेक्शन 2024 चुनाव...**

# 2019 के मुकाबले दोगुना हो रहा खर्चा, होश उड़ा देंगे आंकड़े

*चुनाव में अनुमानित खर्च 1.35 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव पिछले रिकॉर्ड तोड़ने और दुनिया का सबसे महंगा चुनावी आयोजन बनने की राह पर है। एनजीओ सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) ने यह दावा किया कि इन लोकसभा चुनाव में अनुमानित खर्च 1.35 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। यह राशि 2019 के चुनावों में हुए खर्च से दोगुने से भी अधिक है। तब आम चुनावों में करीब 60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सीएमएस 35 वर्षों से चुनाव खर्च पर नजर रख रहा है। संस्थान के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि इस व्यापक खर्च में राजनीतिक दलों और संगठनों, उम्मीदवारों, सरकार और चुनाव आयोग सहित चुनावों से संबंधित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सभी खर्च शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की रेस में है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के साथ इंटरव्यू में राव ने कहा कि उन्होंने प्रारंभिक व्यय अनुमान को 1.2 लाख करोड़ रुपये से संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ रुपये कर दिया है, जिसमें चुनावी बांड के खुलासे और सभी चुनाव-संबंधित खर्चों का हिसाब शामिल है। शुरुआत में हमने अनुमान लगाया कि व्यय 1.2 लाख करोड़ रुपये होगा। हालांकि, चुनावी बांड हिस्सेदारी के खुलासे के बाद हमने इस आंकड़े को संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ रुपये कर दिया है।

### 60 प्रतिशत चुनाव फंड अज्ञात स्रोत से

बताया गया कि यह अनुमान मतदान की तारीखों की घोषणा से 3-4 महीने पहले हुए खर्च को कवर करता है। राव ने इस बात पर जोर दिया कि चुनावी बांड से परे विभिन्न माध्यमों से इस प्रक्रिया में पैसा आया. सोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की हालिया टिप्पणियों से भारत में राजनीतिक फंडिंग में "पारदर्शिता की महत्वपूर्ण कमी" का पता चला है। इसमें दावा किया गया है कि 2004-05 से 2022-23 तक, देश के छह प्रमुख राजनीतिक दलों को लगभग 60 प्रतिशत योगदान, कुल 19,083 करोड़ रुपये, अज्ञात स्रोतों से आया, जिसमें चुनावी बांड से प्राप्त धन भी शामिल था.

### खर्च में नेताओं की खरीद-फरोख्त भी शामिल

हालांकि, एडीआर ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कोई संचयी व्यय अनुमान प्रदान करने से परहेज किया है। राव ने कहा कि चुनाव पूर्व गतिविधियां पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार खर्च का अभिन्न अंग हैं, जिसमें राजनीतिक रैलियां, परिवहन, क्षेत्र और प्रभावशाली लोगों सहित कार्यकर्ताओं की नियुक्ति और यहां तक कि राजनीतिक नेताओं की विवादास्पद खरीद-फरोख्त भी शामिल है।

# जेईई-मेन में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का नीलकृष्ण ऑल इंडिया टॉपर

कोटा।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2024 के परिणाम बुधवार रात को जारी कर दिए गए। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। देर रात तक देखे गए परिणामों में एलन स्टूडेंट ने आल इंडिया टॉप किया है, इसके साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के दो वर्ष से क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। वहीं रैंक-2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेस संजय मिश्रा व रैंक-4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे हैं। जेईई के रिजल्ट्स में एलन ने सफलता के क्रम को बरकरार रखते हुए बेहतर परिणाम दिए हैं।



नीलकृष्ण आदित्य कुमार दक्षेश मिश्रा

100 पर्सेंटाइल ने 56 स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं। शुरुआती परिणामों में टॉप-5 स्टूडेंट्स शामिल हैं। परीक्षा में 14 लाख 76 हजार 557 ने रजिस्ट्रेशन करवाया, इसमें से 14 लाख 15 हजार 110 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। यह संख्या जेईई-मेन के इतिहास में अब तक सबसे अधिक है। दोनों सेशन में कुल 10 लाख 67 हजार 959 कॉमन विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एलन से बड़ी संख्या में टॉप स्टूडेंट्स ने जेईई-एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है।

### जब तक डाउट क्लीयर नहीं हो जाए, पूछते रहो : नीलकृष्ण

एलन के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्णा ने जेईई-मेन में आल इंडिया रैंक-01 प्राप्त की है। किसान परिवार के बेटे नील ने इससे पहले जेईई-मेन जनवरी में 100 पर्सेन्टाइल स्कोर एवं परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक हासिल किए हैं। नील ने बताया कि पिता किसान हैं और परिवार खेती पर निर्भर है। परिवार के सामने आर्थिक चुनौतियां भी रही हैं। एलन में एडमिशन लिया तो 75 प्रतिशत स्कॉलरशिप मिली, इसी कारण मैं जेईई की तैयारी में आगे बढ़ सका। एक स्टूडेंट को ज्यादा से ज्यादा जानने की इच्छा रखनी चाहिए और जब तक सवाल का हल समझ नहीं आ जाता तब तक पूछते रहना चाहिए। पूछने में शर्म नहीं करनी चाहिए। रोजाना 10 से 12 घंटे सेल्फ स्टडी करता करना चाहिए। अब जेईई एडवांस्ड पर पूरा फोकस है। आईआईटी मुंबई की सीएस ब्रांच से बीटेक करना चाहता हूं।

### एनसीईआरटी सिलेबस पर फोकस किया: दक्षेश मिश्रा

दक्षेश ने बताया कि मैं रोजाना 10 से 12 घंटे सेल्फ स्टडी करता हूं। दक्षेश ने अपना स्टडी प्लान शेयर करते हुए बताया कि मैं पूरी तरह एनसीईआरटी सिलेबस पर फोकस करता हूं। मैथ्स व फीजिक्स के सवालों की प्रैक्टिस करता हूं क्योंकि इससे कॉन्फिडेंस लेवल मजबूत होता है। लास्ट टाइम में रिवीजन सबसे महत्वपूर्ण है। फिलहाल जेईई एडवांस्ड पर पूरा फोकस है। आईआईटी मुंबई की सीएस ब्रांच से बीटेक करने का सपना है।

### एस्ट्रो फिजिक्स के क्षेत्र में जाना चाहता हूं: आदित्य कुमार

आदित्य ने जेईई मेन में परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 04 हासिल की है। आदित्य ने बताया कि मैं रोजाना 8 से 9 घंटे सेल्फ स्टडी करता हूं। एलन में समय-समय पर जो टेस्ट होते थे, उनको लेकर काफी सीरियस रहता था, क्योंकि टेस्ट से ही आप खुद का एनालिसिस कर पाते हो। फिलहाल जेईई एडवांस्ड पर फोकस है। मैं आईआईटी मुम्बई की सीएस ब्रांच से बीटेक करने के बाद एस्ट्रोफिजिक्स के क्षेत्र में जाना चाहता हूं।

---

### बैटरी निकालकर कमरे में रखा था, अचानक ब्लास्ट

# स्कूटी की बैटरी फटी, घर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इलेक्ट्रिक वाहनों में बैटरी फटने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, छत्तीसगढ़ में भी कुछ मामले सामने आए हैं। आज तड़के अरसनारा, धमधा में एक स्कूटी की बैटरी बलास्ट हो गई, जिससे घर के कमरे में आग लाग गई। इस आगजनी में सारा सामान खाक हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।घटना तड़के की है। अशोक सुपंथक ने अपनी बच्ची की स्कूटी की बैटरी को कल रात गाड़ी से निकालकर कमरे में चार्जिंग के लिए लगाया था। रातभर बैटरी चार्ज होते रही, सुबह अचानक बैटरी में बलास्ट हो गया, जिससे कमरे में आग फैल गई। बिस्तर, कपड़े समेत सारा सामान जलकर खाक हो गया। ब्लास्ट और आग की खबर मिलते ही आसपास के रहवासियों ने किसी तरह आग को काबू में किया। घटना की सूचना मिलते ही नंदनी पुलिस भी अरसनारा पहुंची। अशोक ने इसकी सूचना दर्ज कराई थी।

#### कमरे में कोई नहीं था

सौभाग्यवश, जिस वक्त बैटरी में ब्लास्ट हुआ, उस समय कमरे में कोई नहीं था, जिस वजह से बड़ी अनहोनी टल गई। विस्फोट की आवाज से परिवार वाले दहशत में आ गए थे।



#### खतरा तो है...

आमतौर पर इलेक्ट्रिक बाइक को कंपनियां सुरक्षित बताती हैं, लेकिन बैटरी फटने की देशभर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हादसों को देखते हुए सावधानी से चार्जिंग और बैटरी के रखरखाव की गाइडलाइन भी इसीलिए कंपनियां जारी करती रही हैं, इसके बावजूद जरा सी चूक बड़े हादसे का कारण बन जाती है।

---

### एजेंसी ने प्रारंभिक सर्वेक्षण कार्य शुरू किया, मई से होगा निर्माण कार्य

# क्षिप्रा नदी को अविरल और निर्मल बनाए जाने की कवायद तेज: 2052 की जनसंख्या, तीन सिंहस्थ की आवश्यकताओं के हिसाब से कार्य योजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन शहर में स्थित क्षिप्रा नदी को अविरल एवं निर्मल बनाने की दिशा कवायद तेज हो गई है। इसके लिए इंदौर, सांवेर एवं मांगलिया की वर्ष 2052 की जनसंख्या एवं मेला क्षेत्र की भविष्य की आवश्यकताओं और आगामी तीन सिंहस्थ की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। नियत एजेंसी द्वारा प्रारंभिक सर्वेक्षण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। मई माह से निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। योजना को 42 माह यानि सितंबर 2027 तक पूरा करने का टारगेट रखा गया है।



#### शुद्ध एवं पवित्र जल से पावन पर्वों पर स्नान

डायवर्सन के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में प्रदूषित जल का-परीक्षण करने तथा प्रदूषित जल के शुद्धिकरण की कार्ययोजना नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा तैयार की जा रही है, जिसकी स्वीकृति जून 2024 में संभावित है। आगामी सिंहस्थ 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं को क्षिप्रा नदी के ही शुद्ध एवं पवित्र जल से पावन पर्वों पर स्नान करवाए जाने की कार्ययोजना बनाए जाने के लिए तकनीकी सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। कार्ययोजना की स्वीकृति माह अगस्त, 2024 तक जारी होना संभावित है।

#### सीवेज के शोधन की योजनाएं स्वीकृत

क्षिप्रा नदी में विभिन्न शहरों से आने वाले सीवेज के शोधन के लिए विभिन्न योजनाए स्वीकृत की गई है। उज्जैन शहर के लिए शासन द्वारा अमृत 1 योजना के अंतर्गत राशि 438.10 करोड़ रुपए का प्रावधान कर नेटवर्क निर्मित किए जा रहे हैं एवं 92 एमएलडी क्षमता का एसटीपी का निर्माण कर सीवेज शोधन का कार्य किया जा रहा है। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत 476.14 रुपए करोड़ की योजना (शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए) स्वीकृत कर निविदा प्रक्रिया प्रचलित है। नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 92.00 करोड़ की योजना स्वीकृत हैं, जो शतप्रतिशत केन्द्र शासन द्वारा वित्त पोषित है, जिसमें 15 वर्षों के रखरखाव एवं संचालन संधारण शामिल है, जिसके अंतर्गत नालों के सीवर को टैप कर 24.38 एमएलडी एसटीपी क्षमता के द्वारा शोधन किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना की निविदा प्रक्रिया चल रही है। कान्ह नदी के सीवेज युक्त जल को क्षिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिए मप्र शासन द्वारा कान्ह क्लोजडक्ट डायवर्सन परियोजना कुल लागत 480 करोड़ रुपए की स्वीकृति 5 मार्च को जारी की गई है।

---

### केंद्रीय सेकेट्री के भोपाल आने के बाद काम में आई तेजी

# मेट्रो के काम में तेजी, अतिरिक्त श्रमिकों को काम पर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज रेलवे क्रासिंग व डीआरएम तक रोड पर बनने वाले मेट्रो के स्टील ब्रिज को लेकर ट्रैफिक डायवर्सन दूसरे चरण में 28 अप्रैल तक लिया गया है। पिछले दिनों केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के सेकेट्री अनुराग जैन ने मेट्रो के कार्यों को बारीकी से समझा और कई सुझाव दिए। इसके बाद ही चल रहे निर्माण कार्यों के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ा दी गई। इस काम में देरी होने पर ट्रैफिक डायवर्सन 28 अप्रैल से आगे बढ़ाया जा सकता है। यह सूचना मिलने पर भोपाल मेट्रो कंपनी ने ठेकेदार को आदेश दिया है कि श्रमिकों की संख्या को बढ़ाकर काम जल्दी से निपटाया जाए।



इस संबंध में लगातार अधिकारी निगाह रखे हुए हैं। मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार ठेकेदार स्वयं ही ट्रैफिक डायवर्सन की प्लानिंग पुलिस को भेजते हैं। इसकी जानकारी उन्हें दी जाती है, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। अधिकारियों के अनुसार यह काम पूरा होने के बाद एम्स तक ट्रायल रन करना है। इसलिए कंपनी प्रयास कर रही है कि अभी पांच ट्रेनों से ही एम्स तक ट्रायल किया जाए। अभी दूसरी ट्रेन भी नहीं बुला रहे हैं, क्योंकि यहां सिर्फ रखने के लिए ट्रेन नहीं मंगाना है। इंदौर में काफी जगह है और वहां लगभग काम पूरे हो गए हैं।

---

# भावनाओं के हिसाब से मुर्गियों के बदलते हैं रंग

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी गौर किया है कि मुर्गियों के भाव के साथ उनके चेहरे में भी कुछ बदलाव आ जाते हैं। यह हैरान करने वाला नतीजा एक शोध में मिला है। एक क्रांतिकारी अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है, जिससे यह समझने के नए तरीके खुल गए हैं कि मुर्गियां कैसा महसूस करती हैं और उनके साथ बेहतर संबंध कैसे बनाते हैं। कई जानवरों की तरह, मुर्गियां भी खुशी और उत्साह से लेकर निराशा और भय तक की भावनाओं का अनुभव करती हैंइन भावनाओं को व्यक्त करने का उनका तरीका हमसे अलग होता है। वे कैसा महसूस करते हैं, यह बताने के लिए वे मुस्कुराने या भौंहें चढ़ाने जैसे चेहरे के भावों पर निर्भर नहीं रहते।

---


## मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

क्षेत्रीय कार्यालय : बाई पास चौक, गोरतरा, बुढार रोड, जिला शहडोल- 484001 (म.प्र.)
Phone No.07652-248938 E-mail :- ropcbshahadol@gmail.com

### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के यथा संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत **मेसर्स दि एम.पी. स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन लि.**, द्वारा भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में निम्न तालिका अनुसार रेत खदानों की लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के अनुक्रम में रेत खदानों की लोक सुनवाई हेतु उनके नाम के समक्ष उल्लेखित स्थल पर आयोजित की जावेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | जिला | तहसील | खदान/ ग्राम का नाम | खसरा नं. | रकबा (हे.) | मात्रा प्रति वर्ष (घ.मी.) | लोक सुनवाई का स्थान | लोक सुनवाई दिनांक/समय | दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहडोल | जयसिंहनगर | सेमरपाखा | 223/551 | 6.000 | 1,08,000 | ग्राम पंचायत भवन, रेउसा | 27.05.2024/ 11:00-02:00 बजे | सोमवार |
| 2 | शहडोल | जयसिंहनगर | गंधिया | 689 | 7.355 | 1,32,390 | ग्राम पंचायत भवन, गंधिया | 28.05.2024/ 11:00-02:00 बजे | मंगलवार |

उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, शहडोल (2) कार्यालय जिला पंचायत, शहडोल (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंडीदीप जिला शहडोल (4) संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय जयसिंहनगर (5) संबंधित कार्यालय, ग्राम पंचायत (6) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल (7) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल एवं (8) **क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बाई पास चौक, गोरतरा, बुढार रोड, जिला शहडोल** में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइट **www.mppcb.mp.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से **30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बाई पास चौक, गोरतरा, बुढार रोड, जिला शहडोल (म.प्र.)** के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है, लोक सुनवाई में भी सुझाव, विचार टीका/ टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/114568/2024

**क्षेत्रीय अधिकारी**






सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


---

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।


---

# दो उंगलियों के साथ पैदा होते हैं बच्चे

**नई दिल्ली।** अफ्रीका की एक जनजाति ऐसी ही है। इनके पैरों में सिर्फ दो उंगलियां हैं। इनके पैर शुतुरमुर्ग जैसे होते हैं। इस वजह से इस जनजाति के लोगों का मानना है कि इनके पूर्वज पक्षी हुआ करते थे। रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी जिंबाब्वे के कायेमबा इलाका में, वडोमा जनजाति के लोग रहते हैं। इन लोगों को डेमा या डोमा नाम से भी जाना जाता है। इन्हें ऑस्ट्रिच फुट सिंड्रोम की बीमारी है। नाम ही आप समझ सकते हैं कि इनके पैर शुतुरमुर्ग जैसे नजर आते हैं। वैज्ञानिक भाषा में इसे एक्ट्रोडैकटाइल भी कहते हैं। ये एक प्रकार की जेनटिक कंडीशन है, जो इन लोगों को जन्म से रहती है. इस वजह से इन लोगों का ये मनना कि इनके पूर्वज पक्षी थे, पूरी तरह गलत है. गूगल पर इस कंडीशन के बारे में खोजने पर आपको इसके कुछ और नाम, जैसे, लॉब्स्टर क्लॉ सिंड्रोम या टू-टोड सिंड्रोम मिल जाएंगे. ये कंडीशन इंसान के हाथ-पैर पर असर डालती है. पैदा होते ही बच्चे के हाथ या पैर की उंगलियां एक दूसरे से जुड़ी हुई रहती हैं. जो दिखने में ऑस्ट्रिच पक्षी जैसी लगती है. इनकी उंगलियां या अंगूठा जन्म से ही विकसित नहीं हो पाता है. जनजाति में ये बीमारी एक से दूसरे जेनरेशन से ट्रांसफर होती जा रही है।

---

## शब्द पहेली - 5493



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -5492 का हल



---

## सूडोकु नवताल - 5504

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5503 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1231 चौके

712 छक्के

# टी20 विश्व कप : राहुल बनाम संजू, आवेश-बिश्नोई या अक्षर, हार्दिक का फॉर्म चिंता का कारण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरुआत में टीम का ऐलान कर सकता है।



### पंत की जगह पक्की

आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है।

### पंड्या का लचर प्रदर्शन

*पंड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पंड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पंड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।*



### फार्म में बुमराह

गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा।

### आवेश के नाम 8 विकेट

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब नौ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं जबकि बिश्नोई ने नौ के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाए हैं। अक्षर ने सात विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### विवाद सुलझाए नहीं तो निलंबन झेले पीएचएफ

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और देश में खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक अपने विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी थी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अधिकारी के अनुसार एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों धड़ों के बीच विवाद सरकार की मदद से गुरुवार खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। पीएचएफ को लिखे पत्र में एफआईएच ने 25 अप्रैल की समय सीमा दी थी।

### हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि 'इंपैक्ट खिलाड़ी' के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। अक्षर ने कहा, 'एक



हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हर टीम यह सोचकर उतरती है कि उसके पास छह बल्लेबाज या गेंदबाज हैं। इससे कई बार कन्फ्यूजन भी हो जाता है।'

### रिजवान का इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध

**लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान का मई में आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध है क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में भी वे फिटनेस कारणों से बाहर रहे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि रिजवान और युवा बल्लेबाज इरफान खान नियाजी को फिटनेस कारणों से न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी दो मैचों के लिए नहीं चुना गया है।

**आईपीएल 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर केकेआर**

# खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स नाइट राइडर्स आज देगी कड़ी चुनौती

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है। पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है।

केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176 . 54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184 . 52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।

### चार बार बनाए 200+ स्कोर

अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं जिसकी वजह से शाहरुख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है। वेंकटेश अय्यर की एकमात्र बल्लेबाज हैं जो खराब फार्म में हैं जबकि ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण बाहर नीतिश राणा की गैर मौजूदगी से टीम के स्पिन के महारथी बल्लेबाज और उपयोगी आफ ब्रेक गेंदबाज की कमी खल रही है।



### नारायण की सटीक गेंदबाजी

गेंदबाजी में सिर्फ नारायण ही अनुशासित प्रदर्शन कर सके हैं। उनका इकॉनॉमी रेट सात के इर्द गिर्द रहा है जो 'इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम' के इस दौर में काफी प्रभावी है। वैसे अब नारायण भी पिछले मैच में महंगे साबित हुए हैं। रजत पाटीदार ने उन्हें एक ओवर में दो छक्के लगाए और अब पंजाब के पास फॉर्म में चल रहे दो बल्लेबाज शशांक और आशुतोष हैं।

### पंजाब का शीर्षक्रम फेल

पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि उनके नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें। धवन को अभ्यास सत्र के दौरान फुटबॉल खेलते देखा गया जिससे उनके लौटने की उम्मीद बंधी है।



### टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसोयू।

**खास खबर**

# तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरुष टीम ने फाइनल में बनाई जगह



*शंघाई। भारत के तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरुषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने इटली को 5-1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा। कोरियाई टीम ने टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6-0 से हराया। भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5-3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5-1 से हराया।*

### सेमीफाइनल में पहुंची महिला टीम



*भारतीय महिला टीम को पहले ही मुकाबले में मैक्सिको ने 5-3 से हराया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और भजन कौर की तिकड़ी को क्वालीफायर में छठी रैंकिंग मिली थी। पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3-1 की बढ़त बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा।*

# युगांडा के खिलाड़ी टी20 विश्व कप में सबसे बड़े मौके के लिए तैयार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं।

पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया। रमजानी ने यहां गुरुवार को वानखेडे



स्टेडियम में मीडिया से कहा, 'यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं।' साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा।

### दिल्ली के तेज गेंदबाज सलाम को फटकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिये फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है। रसिख ने चार ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए।

# बिस्माह ने क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▸▸ कराची

एक चौकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारुफ ने गुरुवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। बाएं हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिए 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 33 अर्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिए।बिस्माह ने 50 ओवरों के चार विश्व कप (2009, 2013, 2017 और 2022) खेले और 2022 में टीम की कप्तान भी रहीं । उन्होंने टी20 क्रिकेट में 2009 से 2023 के



बीच आठ विश्व कप खेले और 2020 तथा 2023 में टीम की कप्तान रहीं।

**पश्चिम मध्य रेल**
संकेत एवं दूरसंचार विभाग
खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल–एन–सिग.–टेण्डर–2024–10. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर मंडल के समपार फाटक क्रमांक 25, 251, 257, 262, 299 एवं 402ए में आर.ओ.बी. निर्माण में संकेत एवं दूरसंचार संबंधित कार्य (सिग्नलिंग कार्य)। निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,56,63,028.45. **निविदा फार्म की कीमतः** 00. **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर। **बयाना राशिः** ₹ 2,78,300/-. **समापन अवधिः** 11 माह। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 20.05.2024 को 15.00 बजे बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**जनसम्पर्क संचालनालय मध्यप्रदेश शासन**

क्रमांक/4236/ज.सं. स / विज्ञापन / 2024 दिनांक 24 अप्रैल 2024

जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा जारी विज्ञापन कार्यदेश अनुसार संबंधित मीडिया एवं संस्था को विज्ञापन प्रकाशन / प्रसारण के बाद सामान्यत : एक माह में विज्ञापन देयक भुगतान के लिये आवश्यक रूप से प्रस्तुत किये जाना चाहिए। इसी परिपेक्ष्य में समस्त समाचार–पत्रों, पत्रिकाओं, इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल मीडिया को अंतिम अवसर प्रदाय किया जाता है कि 31 मार्च 2022 के पूर्व जारी प्रदर्शन / क्लासीफाइड विज्ञापन कार्यदेश के देयकों का भुगतान यदि लंबित हो, तो संबंधित द्वारा 31 मई 2024 तक विज्ञापन कार्यदेश और प्रकाशित- प्रसारित सामग्री के साथ देयक निर्धारित प्रक्रिया अनुसार प्रस्तुत किये जायें। निधारित अवधि में प्रकाशित प्रसारित सामग्री के साथ देयक प्राप्त न होने पर यह माना जायेगा कि दैनिक समाचार–पत्र, पत्रिकाओं, इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल मीडिया ने प्रचार सामग्री का प्रकाशन / प्रसारण समय–सीमा में नहीं किया है। अत : ऐसे सभी कायार्देशों का कोई भी क्लेम स्वीकार नहीं होगा।

G- 11049/24 आयुक्त जनसम्पर्क

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग विभाग ▪ खुली निविदा

निम्नलिखित कार्यों के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–73–2024, दिनांक 22.04.2024. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर पश्चिम जबलपुर के अंतर्गत बीना-कटनी अनुभाग में (i) लिधौरा खुर्द अप लूप पर और सागर, मकरोनिया, लिधोरा खुर्द में डाउन लूप में 2.784 किमी सीटीआर (एस) का कार्य एवं मकरोनिया-आगासोद में किलोमीटर 983.615 से 984.475 के बीच 0.86 किमी टीआरआर का कार्य, (ii) बीना-कटनी पर 30.70 किमी टीएफआर का कार्य और (iii) पॉइंट और क्रॉसिंग के टीएफआर का कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,60,64,743/-. **बयाना राशिः** ₹ 2,30,300/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–74–2024, दिनांक 22.04.2024. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मकरोनिया/गिरवर/पथरिया/दमोह/घटेरा/सागोनी/बीना-कटनी सेक्शन में किसी भी स्थान पर रेलवे ईडी वैगनों/बक्सों/हॉपर में स्टोन क्वेरी डस्ट/बोल्डर की आपूर्ति, स्टैकिंग, लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 69,16,302/-. **बयाना राशिः** ₹ 1,38,300/-. **समापन अवधिः** 24 माह।

**उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिएः-** निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः 17.05.2024. निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः 17.05.2024. उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**सत्रह वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया**

# कैंडिडेट्स चैंपियन गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गुकेश के स्कूल वेलाम्मल विद्यालय के सैकड़ों छात्र उनकी उड़ान के पहुंचने के एक घंटे पहले ही से कतार बनाकर हवाई अड्डे पर खड़े थे। उनके अलावा भारी संख्या में प्रशंसक भी मौजूद थे। सत्रह वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उन्हें फूलों की मालाएं पहनाई गई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

गुकेश ने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा, 'मुझे घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह खास उपलब्धि है। मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था



और मुझे जीत का यकीन था। किस्मत ने भी मेरा साथ दिया। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं। मैं तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने अप्पा, अम्मा, कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और स्कूल को भी धन्यवाद दूंगा।' गुकेश की मां पद्मा अपने परिजनों के साथ उन्हें लेने आई थी। गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन रजनीकांत ने उनकी तैयारियों के लिए अपनी प्रेक्टिस छोड़ दी थी और उनके साथ टोरंटो गए थे।

### आनंद को दिया श्रेय

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके करियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते। आनंद ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कॅरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते।' गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है।

## हाई कोर्ट में राज्य शासन ने पेश किया जवाब

# बाओबाब वृक्षों की कटाई के मामले में कमेटी की जांच पूरी

## अनुशंसाओं पर निर्णय लेने के निर्देश

**जबलपुर।**

हाई कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में बाओबाब वृक्षों की कटाई के मामले में कमेटी की जांच पूरी हो गई है। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने राज्य शासन की ओर से प्रस्तुत जानकारी को रिकार्ड पर ले लिया। इसी के साथ राज्य शासन को कमेटी की अनुशंसा पर एक सप्ताह में निर्णय लेने के निर्देश दे दिए।

दरअसल, धार जिले में बाओबाब वृक्षों की कटाई, बिक्री व परिवहन के संबंध में समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए हाई कोर्ट में जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की जा रही है। समाचारों के अनुसार क्षेत्रीय नागरिक बाओबाब वृक्ष काटने का विरोध कर रहे हैं। बाओबाब पेड़ को अफ्रीका में द वल्ड ट्री की उपाधि दी गई है। अफ्रीका के आर्थिक विकास में इस पेड़ का बड़ा महत्व है। आरोप लगा है कि हैदराबाद का एक व्यापारी अपने फार्म में इन पेड़ों की खेती और आर्थिक लाभ के लिए उनकी कटाई कर बेच रहा



है। एक पेड़ का मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक है। जिसके कारण दूसरे लोग भी अपने खेत में लगे पेड़ को बेचने के लिए काट रहे है।

मुख्य न्यायाधीश ने समाचार पर संज्ञान में लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में किए जाने की व्यवस्था दे दी थी। हाई कोर्ट ने संज्ञान याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद धार जिले में बाओबाब के पेड़ की कटाई, बिक्री व परिवहन पर रोक लगाते हुए प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, वन विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त व सीसीएफ, इंदौर कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत को नोटिस कर जवाब मांगा था।

## जवाब पेश नहीं करने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

### अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े मामले में लापरवाही पर कोर्ट ने लगाई कास्ट

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े एक मामले में स्पष्ट आदेश के बावजूद जवाब पेश नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जताई। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने ट्रायबल वेलफेयर विभाग के प्रमुख सचिव पर 5 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि प्रमुख सचिव स्वयं अपने सैलरी एकाउंट से यह जुर्माने की राशि मप्र हाईकोर्ट विधिक सेवा कमेटी के एकाउंट में जमा कराएंगे। इस निर्देश के साथ कोर्ट ने उक्त अधिकारी को जवाब पेश करने 10 दिन का समय दिया। शहडोल निवासी भगवानदास शर्मा की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता की मां गनेशिया बाई को भृत्य के नियमित पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी। बाद में विभाग ने 2014 की अनंकपा नियुक्ति नीति के तहत गनेशिया बाई को कार्यभारित कर्मचारी माना। कोर्ट ने एक अप्रैल 2024 को प्रमुख सचिव को हलफनामे पर यह बताने कहा था कि किस आधार पर याचिकाकर्ता की मां को कार्यभारित कर्मचारी मान। मामले पर सुनवाई के दौरान शासन की ओर से पुनः मोहलत मांगी गई, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई।



# जिलहरी घाट में डूबे 2 दोस्तों की लाश मिली

**जबलपुर।**

**36 घंटे बाद पानी में फूलकर ऊपर आए शव**

नर्मदा नदी में नहाने गए दो दोस्तों की लाश करीब 36 घंटे की तलाश के बाद जिलहरी घाट से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर मिली। तेज भंवर और गहराई के कारण पानी की गहराई में चली गई थी जो फूलने के बाद गुरुवार की सुबह उतराती हुई मिली। दोनों लाश को मछलियों ने नोंच लिया था जिससे शरीर के कुछ हिस्सों का मांस गायब था। ज्ञातव्य है कि गत 22 अप्रैल सोमवार को संजय गांधी नगर कटंगा निवासी 32 वर्षीय सनी कुरील, 30 वर्षीय मित्तू कुरील और 31 वर्षीय अजय पासी नर्मदा नदी में नहाने गए थे। सोमवार की दोपहर 12.30 बजे के करीब तीनों ने चबूतरे से पानी में छलांग लगाई, तैराना नहीं जानते थे फिर भी उन्होंने छलांग लगाई और गहरे पानी में चले गए, सनी कुरील किसी तरह बचकर आ गया मित्तू और अजय पासी लापता हो गए। पानी में डूब रहे अपने साथी को बचाने के लिए सनी कुरील ने आवाज लगाई आसपास के लोग आए तब तक दोनों पानी में समा गए थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और होमगार्ड के गोताखोर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन गहराई, भंवर और पत्थरों की वजह से रेस्क्यू में काफी दिक्कते आई। गुरुवार की सुबह दोनों की लाश उतराती हुई मिली। एनडीआरएफ की टीम ने लाशों को नदी से बाहर निकाला उसके बाद गौरीघाट पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेडीकल अस्पताल भिजवाया। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।



# 40 डिग्री के ऊपर पहुंचा पारा

**जबलपुर। उत्तर-परिचमी हवाओं के बीच पारा एक बार फिर 40 डिग्री के पार निकल गया। गुरुवार को भीषण गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित किया। दोपहर में गर्म हवाओं के झोंको और गर्म हवाओं के बीच सड़कें पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी से बचने लोग टोपी, चश्मा, गमछा साथ में लेकर चल रहे हैं। भीषण गर्मी की वजह से संक्रमण रोग भी पैर पसार रहे हैं।**

**झुलसाने वाली गर्मी कर रही बेचैन**

स्थानीय विज्ञान केंद्र के मुताबिक पिछले 2 दिनों से पारा 40 डिग्री पर स्थिर बना हुआ था। आसमान पर हल्के बादलों की परत ने तापमान की उछाल पर रोक लगा रखी थी। इस बीच बादल छंटने से गुरुवार को पारे ने फिर उछाल मारी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातःकाल 47 प्रतिशत और सायंकाल 20 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.40 पर और सूर्यास्त शाम 6.36 पर हुआ। पश्चिमी हवायें 6 से 7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 41.8 डिग्री तापमान बड़वानी में दर्ज किया गया वहीं प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.4 मंडला जिलें में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तामपान 36.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा।



# अब सातों दिन होगी गेहूं की खरीद

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। अभी तक मात्र 25.50 मेट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पाई है। इस साल का लक्ष्य 100 लाख मैट्रिक टन है। मध्य प्रदेश सरकार ने 20 मार्च से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू कर दी है। बीच में मौसम भी खराब था। मध्य प्रदेश सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी किया है। इसमें सातों दिन गेहूं की खरीद करने के आदेश दिए हैं। अभी 5 दिन ही गेहूं की खरीद की जा रही थी। मध्य प्रदेश सरकार, गेहूं की खरीद बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रही है। बे मौसम बारिश के कारण 50 फीसदी गेहूं की चमक पर इसका असर पड़ा है। सरकार ने कम चमक वाले गेहूं को भी खरीदने के आदेश दिए हैं।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाजार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; Arihant Automobiles (Bada Malehra) - 9827042401; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **JABALPUR:** Sahil Honda - 9893159956, 7771003865; Frontier Honda - 8226001881, 8226001882; Anand Wheels Honda - 7049919750, 7049919755; Anand Wheels Honda (Adhartal) - 7049919750, 7049919755, 9424994480; Sahil Honda (Madan Mahal) 7771003887, 7771003880; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 07644-234298, 9424508485; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782, 9907079959; **MANDLA:** Rajul Honda - 8797879711, 7642260711; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 0779-2235359, 9425815655; Amisha Honda - 07792-235555, 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 07791-256500, 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; SEONI: Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Shiv Shakti Honda (Keolari) - 9407848143; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 07792-235555, 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 07791-256500, 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; **MANDLA:** Rajul Honda - 09644544611, 8797879711; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9827090633, 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 07652-298532, 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **SATNA:** Krishna Honda - 8109043900, 7024924444, 7225868641, 229900; Eagle Honda - 6267275500, 07672-350225; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444, 9981162343; MaaDurga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Pasari Honda (Maihar) - 9827655550, 7000841741; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313, 9584860650; **REWA:** Rewa Maa Honda - 6262613690, 6262613695; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 8982388380; N.K. Honda - N.K. Honda - 7694018001, 7694018002; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda,Mangawan - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577, 8349790577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 9713240577, 8349790577; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564, 7610332359; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 233016, 7049925591, 7049925593, 07805-350279; **PANNA:** Selection Honda - 9993586233; BHOPAL: Surana Honda - 4074455, 7566665646; Rajpal Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Rajpal Honda (MP Nagar Zone-2) - 2571100, 9424494542; Shubhi Honda (Udaipura) - 9893255494; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Rajeev Honda (Mandeep) - 07480401458, 07415427302; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193, 9630828006; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264944; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084, Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **BHIND:** M.S. Honda - 9826351771, 7999875353; **MORENA:** The Roshan Honda - 9301124000; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; **AMBAH:** Aryan Honda - 9826288045; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; Arihant Automobiles (Bada malehra) - 9827042401; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240